CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद



उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना,नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।

संजीवनी आयुर्वेदिक

न्यू बस स्टैण्ड, न्यू अंसारी होटल के बाजू से हाऊसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, शॉप नं. U/82, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.नं.- 7566609039 हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

वर्ष- 44 अंक - 293 राजनांदगांव, शुक्रवार 12 सितम्बर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्टः सीएम साय बोले- निवेश और विकास का नया अध्याय शुरू, बस्तर की समृद्धि प्रदेश के उ वल भविष्य की गाथा लिखेगी

रायपुर। हमारी नई औद्योगिक नीति के केंद्र में बस्तर है। खनिज संसाधनों और प्रचुर प्राकृतिक संपदा से भरा यह इलाका विकास की विपुल संभावनाएँ अपने भीतर समेटे हुए है। माओवाद बस्तर के विकास की राह में कांटे की तरह चुभ रहा था और नक्सलवादी आतंक ने बस्तर के विकास को जकड़ कर रखा था। हमने संकल्प लिया कि बस्तर को मुख्यधारा में लाएँगे और इसे विकसित छत्तीसगढ़ की केंद्रीय धुरी बनाएंगे। हमारे बहादुर जवानों और बस्तरवासियों ने साहस और दृढ़ संकल्प से माओवाद का मुकाबला किया और आज बस्तर माओवाद के काले इतिहास को मिटाकर निवेश का स्वर्णिम अध्याय लिखने की राह पर आगे बढ़ रहा है। मार्च 2026 तक माओवाद की बची-खुची निशानियाँ भी समाप्त हो जाएंगी और नक्सलमुक्त बस्तर और भी तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को जगदलपुर में छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, जापान के टोक्यो, ओसाका और दक्षिण कोरिया के सियोल के बाद इंवेस्टर्स कनेक्ट कार्यक्रम की अगली श्रृंखला के लिए हमने बस्तर संभाग का चुनाव किया और हमें खुशी है कि इतनी जल्दी यह आयोजन



बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट: 967 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, 2100 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

हम कर सके। यह बुलेट ट्रेन की रफ्तार का दौर है और इस रफ्तार से कदमताल करते हुए विकसित भारतङ्कविकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करने हमने नई औद्योगिक नीति का निर्माण किया है। हमारी यह नीति यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिखाए गए सुशासन के परफार्म, रिफार्म और ट्रांसफार्म के मंत्र पर तैयार की गई है।

### सिंगल विंडो सिस्टम से निवेश प्रस्ताव स्वीकृत होंगे : साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, आकर्षक अनुदान प्रावधानों के साथ ही हम ऐसी अधोसंरचना भी उद्यमियों को दे रहे हैं ताकि सिंगल विंडो सिस्टम से निवेश प्रस्ताव स्वीकृत होते ही वे औद्योगिक क्षेत्र में अपना उद्यम लगा सकें। नवा रायपुर इसका उदाहरण है, जहाँ भारत का पहला एआई डाटा सेंटर पार्क बनाया गया है। यहाँ फार्मास्युटिकल पार्क, मेडिसिटी और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर भी बनाए जा रहे हैं। अब बस्तर में औद्योगिक अधोसंरचना की स्थिति पर बात करें तो सभी जिलों और विकासखंडों में नये लघु औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की जा रही है।

### बस्तर भारत का स्वर्ग है

मुख्यमंत्री ने कहा कि, बस्तर भारत का स्वर्ग है और इसे देखने बड़े पैमाने पर लोग आएँ, इसके लिए पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया है। जो उद्यमी बस्तर में पर्यटन क्षेत्र में निवेश करेंगे, उन्हें 45 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। इससे होटल इंडस्ट्री, इको-टूरिज्म, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## गरियाबंद में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़, 1 करोड़ के इनामी नक्सली बालकृष्ण सहित 10 ढेर

रायपुर। गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में 10 माओवादी मारे गए है। मारे गए नक्सलियों में एक करोड़ का इनामी बालकृष्ण उर्फ मनोज के साथ 40 लाख का इनामी प्रमोद उर्फ पाड़न्ना भी ढेर हुआ है। गरियाबंद में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच सुबह से ही रुक-रुक कर मुठभेड़ हो रही है। सुरक्षाबलों द्वारा नक्सल उन्मूलन अभियान चालाया जा रहा है।



### 10 नक्सलियों के शव बरामद

थाना मैनपुर के जंगलों में नक्सिलयों की सूचाना के बाद सुरक्षाबलों ने साझा ऑपरेशन चलाया। जिसमें E30, STF और COBRA की टीम शामिल हैं। अब कर 10 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। साथ ही भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। जिसमें ऑटोमेटिक हथियार, गोला-बारूद, एके-47, इंसास, एसएलआर और बड़ी संख्या में विस्फोटक भी मिले हैं।

### मोडेम बालकृष्ण मुठभेड़ में ढेर

तेलंगाना के वारंगल जिले के मदीकोंडा गांव में गोंड परिवार में जन्मा मोडेम बालकृष्ण, जिसे बालन्ना या मनोज के नाम से जाना जाता था, युवावस्था में पीपुल्स वार ग्रुप से जुड़कर भूमिगत जीवन में उतर गया। संगठन के भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) में विलय के बाद वह लगातार ऊपर बढ़ता गया और केंद्रीय समिति तथा सेंट्रल रीजनल ब्यूरो के साथ ही ओडिशा राज्य कमेटी के प्रभारी तक पहुंचा। बस्तर और आंध्र-ओडिशा सीमा पर उसकी रणनीतिक भूमिका अहम रही। केकेबीएन (कांधमाल-कालाहांडी-बोध-नयागढ़) डिवीजन का प्रभारी रहते हुए उसने सुरक्षा बलों पर कई हमलों की योजना बनाई। संगठन में उसकी पहचान एके-47 से लैस रणनीतिकार की रही। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वोटर लिस्ट मामले में सोनिया गांधी को कोर्ट से राहत, एफआईआर दर्ज करने की मांग खारिज

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को राउज एवेन्यू कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग खारिज कर दी। बता दें कि विकास त्रिपाठी नाम के एक शख्स ने सोनिया गांधी के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर मतदाता सूची में नाम शामिल कराने का आरोप लगाया था।



### क्या है पूरा मामला?

शिकायत में दावा किया गया कि सोनिया गांधी को 1983 में भारतीय नागरिकता मिली थी। आरोप है कि भारतीय नागरिकता मिलने से पहले ही उन्होंने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया था। त्रिपाठी ने अपनी याचिका में बताया कि सोनिया गांधी का नाम सबसे पहले दिल्ली सीट की वोटर लिस्ट में जोड़ा गया। इसके बाद संसद में हंगामे के कारण 1982 में उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया था। इसके बाद 1983 में एक बार फिर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया गया था। इसका अर्थ है कि सोनिया गांधी ने भारत की नागरिकता लेने से पहले दो बार वोट किए थे। हालांकि राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने इस शिकायत को आधारहीन बताते हुए खारिज कर दिया और एफआईआर दर्ज कराने की अनुमति नहीं दी। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ने याचिका में जो आरोप लगाए हैं, उन्हें साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं। सबूतों के अभाव के कारण पूरी याचिका को बेकार माना गया। बता दें कि सोनिया गांधी लंबे समय से कांग्रेस की प्रमुख रही हैं। उनके खिलाफ कई बार विपक्ष की तरफ से नागरिकता और दस्तावेजों को लेकर सवाल उठाए गए हैं। हालांकि अब कोर्ट ने साफ कर दिया है कि इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की जरूरत नहीं है। वहीं इस मामले में याचिकाकर्ता ने कहा कि वो आगे की कानूनी प्रक्रिया पर विचार करेंगे।

## नेपाल जेल से फरार 11 कैदी भारतीय सीमा से गिरफ्तार, एडवाइजरी जारी

बस्ती। नेपाल की जेल से बड़ी संख्या में वहां के कैदियो के फरार होकर भारत की सीमा में दाखिल होने की सूचना के बाद के बाद बस्ती रेंज की भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। नेपाल की जेल से भागे 11 फरार कैदियों को भारतीय सीमा के पास भारत के सशस्त्र सुरक्षा बलों ने धर दबोचा है। मामले की पुष्टि पुलिस उपमहानिरीक्षक संजीव त्यागी ने की है। गुरुवार को रेंज कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि नेपाल की जेलों में राजनीतिक अस्थिरता और वहां विरोध प्रदर्शनों के बीच कैदियों की फरारियां की जानकारी नेपाल से मिली है। इसके बाद भारत-नेपाल की 68 किलोमीटर सीमा पर एसएसबी व पुलिस फोर्स को 24 घंटे अलर्ट कर दिया गया है। बस्ती रेंज की सीमा 11 कैदी नेपाल से भागे थे। यह सभी भारतीय सीमा में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे, उसी वक्त उन्हें एसएसबी ने पकड़ लिया। यह स्पष्ट नहीं कि ये बंदी किस जेल से भागे हैं। अंडर-ट्रायल थे या दोषी हैं इस बात की जानकारी नेपाल से कराई जा रही है। एसएसबी व पुलिस द्वारा सीमा की चौकियों, निगरानी और गश्त के लिए नागरिक पुलिस के जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है।



## संजय सिंह श्रीनगर में हाउस अरेस्ट, केजरीवाल बोले- ये सरासर गुंडागर्दी

जम्मू कश्मीर। आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। यह जानकारी स्वयं संजय सिंह ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर दी है। आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने भी इसकी पुष्टि करते हुए श्रीनगर पुलिस की कार्रवाई को सरासर गुंडागर्दी बताया है।



आप सुप्रीमो की यह प्रतिक्रिया संजय सिंह के ट्वीट के बाद सामने आई है। संजय सिंह का कहना है कि वे विधायक मेहराज मलिक की गिरफ्तारी के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए और प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के लिए आए थे। पुलिस सरकारी गेस्ट हाउस से बाहर नहीं निकलने दे रही है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि तानाशाही चरम पर है। लोकतंत्र में अधिकारों के लिए आवाज उठाना और विरोध प्रदर्शन करना हमारा संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के कई बार मुख्यमंत्री रहे डॉक्टर फारूख अब्दुल्ला हाउस अरेस्ट की खबर मिलने के बाद मुझसे मिलने सरकारी गेस्ट हाउस आए, लेकिन उन्हें भी मिलने नहीं दिया। ये तानाशाही नहीं तो और क्या है?

### केजरीवाल ने इसे गुंडागर्दी और तानाशाही बताया

आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने संजय सिंह की हाउस अरेस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर लिखा कि पूर्व मुख्यमंत्री जो कि मौजूदा मुख्यमंत्री के पिता हैं, उन्हें भी संजय सिंह से उन्हीं के राज्य में मिलने नहीं दिया जा रहा है। यह सरासन गुंदागर्दी और तानाशाही है। बता दें कि इससे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## उत्तराखंड को 1200 करोड़ की मदद, बाढ़-बारिश प्रभावितों से मिलने के बाद पीएम ने किया ऐलान

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उत्तराखंड के आपदाग्रस्त इलाकों के हवाई सर्वेक्षण के लिए देहरादून पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरप्रीत सिंह ने उनका स्वागत किया। जिसके बाद प्रधानमंत्री स्टेट गेस्ट हाउस गए हैं। इसके बाद पीएम को हवाई सर्वेक्षण के लिए जाना था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण उनका हवाई दौरा रद्द हो गया। इसके बाद उन्होंने रेस्ट हाउस में तीन बैठकें की। बैठक के बाद पीएम ने आपदा प्रभावित क्षेत्र के लिए 1200 करोड़ रुपये का पैकेज दिया है। वहीं, मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। बाढ़ और भूस्खलन में जिन बच्चों ने अपने माता-पिता खो दिए हैं, उन्हें पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत पूरी मदद दी जाएगी। केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया कि प्रभावित इलाकों में इंफ्रास्ट्रक्चर को दोबारा बनाने और बहाल करने के लिए पूरी मदद दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आपदा प्रभावित परिवारों से भी भेंट की। उन्होंने प्रभावितों से संवेदनाएं प्रकट कीं। इसके साथ ही एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और आपदा मित्र स्वयंसेवकों से भी मिले और उनके प्रयासों की सराहना की।



उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत क्षतिग्रस्त घरों के पुनर्निर्माण के लिए विशेष परियोजना है। सड़कों, स्कूलों और ढांचागत पुनर्निर्माण के लिए केंद्र का पूर्ण सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय टीमें नुकसान का आकलन कर रही हैं, रिपोर्ट के बाद और सहायता दी जाएगी।

## सीआरपीएफ बोली- राहुल गांधी सुरक्षा प्रोटोकॉल नहीं मानतेः कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को लेटर लिखा- बिना बताए विदेश जाते है

नई दिल्ली। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का आरोप लगाया है। CRPF ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर कहा है कि राहुल गांधी पिछले 9 महीने में बिना सूचना दिए 6 बार विदेश गए। इस दौरान वे इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया की यात्रा कर चुके हैं।



9 महीने में 6 बार विदेश गए

CRPF ने राहुल गांधी को भी अलग से पत्र भेजा है। इसमें लिखा गया है कि इस तरह की चूक से उनकी Z+ कैटेगरी सुरक्षा कमजोर पड़ सकती है और उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है। एजेंसी ने कहा कि इससे पहले भी वह इस मुद्दे को उठा चुकी है। राहुल गांधी को एडवांस सिक्योरिटी लाइजन कवर के साथ सबसे उच्च स्तर की Z+ सिक्योरिटी मिली है। इस सुरक्षा श्रेणी वाले लोगों को 'येलो बुक प्रोटोकॉल' के तहत अपनी हर गतिविधि और विदेश यात्रा की जानकारी पहले से सुरक्षा एजेंसियों को देनी होती है ताकि उनके लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए जा सकें।

CRPF के वीवीआईपी सिक्योरिटी हेड सुनील जून ने बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि राहुल गांधी अपनी सुरक्षा को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, क्योंकि वह ज्यादातर विदेश यात्रा पर बिना किसी को बताए जा रहे हैं। CRPF ने राहुल की 30 दिसंबर से 9 जनवरी तक इटली, 12 से 17 मार्च वियतनाम, 17 से 23 अप्रैल दुबई, 11 से 18 जून कतर, 25 जून से 6 जुलाई लंदन और 4 से 8 सितंबर मलेशिया जैसी विदेश (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## डोनाल्ड ट्रंप के करीबी चार्ली किर्क की हत्याः एफबीआई ने किए बड़े खुलासे

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी और कंजरवेटिव इंफ्लुएंसर चार्ली किर्क की यूटा वैली यूनिवर्सिटी परिसर में बुधवार को उनके अमेरिकन कम बैक टूर के तहत पहले कार्यक्रम में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उस समय वह तीन हजार लोगों की बीच मौजूद थे। लोगों ने केवल एक गोली चलने की आवाज सुनी, जो सीधे किर्क के गले में लगी और वो ढेर हो गए।



घटना से जुड़ा वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो गया। वीडियो में किर्क को अपना दायां हाथ गले की तरफ ले जाते देखा जा रहा है, जहां से खून निकल रहा था। इसके बाद कुर्सी पर बैठे किर्क गिर पड़ते हैं। हत्या करने वाले स्नाइपर ने गोली चलाने के बाद छत से कूदकर भागने की कोशिश की। एफबीआई ने घोषणा की है कि हत्यारे की हाई-पावर्ड राइफल मिल गई है।

### दूर की इमारत से मारी गई किर्क को गोली

राष्ट्रपति ट्रंप ने इस घटना पर बौखलाहट जाहिर करते हुए इसके पीछे कट्टर वामपंथियों को जिम्मेदार ठहराया है। साथ ही किर्क को शहीद भी बताया है। गोली की आवाज और किर्क के गले से खून बहता देख घटनास्थल पर भगदड़ और अफरातफरी मच गई। किर्क को क्यों निशाना बनाया गया, इस बारे में अब तक कुछ सामने नहीं आया है। माना जा रहा है कि इस हत्याकांड में केवल एक ही व्यक्ति ने दूर स्थित इमारत से अंजाम दिया।(शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रूसी सेना में भारतीय जवानों की भर्ती की प्रथा समाप्त हो, विदेश मंत्रालय की रूस को दो टूक

नई दिल्ली। रूस की सेना में शामिल हुए भारतीयों के मुद्दे पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मॉस्को के अधिकारियों के समक्ष पूरी गंभीरता से यह बात रखी गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, रूस की सेना में शामिल होने वाले भारतीयों के मुद्दे पर रूसी अधिकारियों से बात की गई है। उन्होंने कहा, सरकार ने देशवासियों से प्रलोभनों से बचने की अपील की है। उन्होंने बताया कि कुछ भारतीय, छात्र और कारोबारी वीजा लेकर रूस गए थे, जिन्हें वहां सेना में सहयोगी स्टाफ के रूप में भर्ती कर लिया गया। सरकार उन्हें मुक्त कराने के लिए प्रयासरत है। गौरतलब है कि बीते साढ़े तीन साल से अधिक समय से जारी रूस और यूक्रेन के हिंसक संघर्ष में 10 लाख से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। ऐसे हालात में यूक्रेन के मोर्चे पर तैनात इकाइयों के साथ जोखिम भरे हालात में रूस की सेना के साथ भेजे गए भारतीय युवाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर विदेश मंत्रालय ने कहा, सरकार बीते एक वर्ष में कई बार चेतावनी दे चुकी है कि रूसी सेना में भर्ती होना बेहद खतरनाक और जोखिम भरा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## भारत मॉरीशस को 680 मिलियन डॉलर का आर्थिक पैकेज देगा; सात समझौतों पर भी हुए हस्ताक्षर

नई दिल्ली/वाराणसी। भारत ने गुरुवार को मॉरीशस के लिए करीब 680 मिलियन अमेरिकी डॉलर का विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की और दोनों देशों ने समुद्री सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने के लिए सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हिंद महासागर का स्वतंत्र और सुरक्षित रखना दोनों देशों की साझा प्राथमिकता है।

### भारत -मॉरीशस केवल साझेदार नहीं, बल्कि एक परिवार

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में मॉरीशस के समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम की मेजबानी की। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों केवल साझेदार नहीं, बल्कि एक परिवार हैं। मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत मॉरीशस के विशेष आर्थिक क्षेत्र की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश स्थानीय मुद्रा में व्यापार को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेंगे, खासकर मॉरीशस में यूपीआई और रुपे कार्ड की शुरुआत के बाद।



### परियोजनाओं को लागू करने में मदद करेगा विशेष आर्थिक पैकेज

इस विशेष आर्थिक पैकेज के तहत भारत मॉरीशस में दस परियोजनाओं को लागू करने में मदद करेगा। इसमें बंदरगाह, हवाई अड्डा और सड़क जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं को मजबूत करना, नए स्कूल और अस्पताल बनाना शामिल है। मोदी ने कहा, यह कोई सहायता पैकेज नहीं है। यह हमारे साझा भविष्य में एक निवेश है। दोनों देशों के बीच जो सात समझौते किए गए, वे शिक्षा, उर्जा, हाइडोग्राफी और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देंगे। इनमें सबसे अहम समझौता हाइडोग्राफी के क्षेत्र में हुआ, जिसके तहत दोनों देस संयुक्त सर्वेक्षण, नेविगेशन चार्ट और विशेष आर्थिक क्षेत्रों (ईईजेड) के हाइड्रोग्राफिक डाटा पर साथ काम करेंगे। पीएम मोदी ने कहा, भारत और मॉरीशस दो देश हैं, लेकिन हमारे सपने और हमारी नियति एक है। मीडिया से बातचीत के दौरान मोदी ने चागोस समझौते के परिणाम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एथेनॉल ब्लेंड ई-20 पेट्रोल पर बोले गडकरी, पैसे देकर मेरे खिलाफ कैंपेन चलाया गया

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि 20 प्रतिशत एथनॉल के मिश्रण वाले पेट्रोल को लेकर सोशल मीडिया पर पैसा देकर अभियान चला गया था। इसका उद्देश्य उन्हें राजनीतिक रूप से निशाने पर लेना था। गडकरी ने वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम की वार्षिक बैठक में यह दावा किया।



उन्होंने कहा कि ई-20 को लेकर सोशल मीडिया पर अभियान पैसे देकर चलाया गया था। यह अभियान एथनॉल के खिलाफ था और मुझे राजनीतिक रूप से निशाना बनाने के लिए चलाया गया था। पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल (ई-20) के मिश्रण वाले ईंधन से वाहनों के प्रदर्शन में गिरावट आने और कलपुर्जों के जल्द खराब होने की चर्चाएं सोशल मीडिया पर काफी तेज रहीं। इस दौरान ई-20 पेट्रोल से वाहनों के माइलेज में गिरावट और इंजन पर असर पड़ने की आशंका जताई गई। गडकरी ने पेट्रोल में ई-20 की मिलावट करने से जुड़ी चिंताओं के बारे में पूछे जाने पर कहा कि सभी पक्षों ने इस बारे में अपना-अपना पक्ष रखा है। इनमें भारतीय वाहन अनुसंधान संघ (एआरएआई) और सियाम भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला भी पूरी तरह साफ है। उन्होंने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# दिग्विजय कॉलेज में रोजगार मेला, नौकरी पाने के लिए उमड़े युवा

राजनांदगांव (दावा)। आज कल की इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में हर छात्र का सपना होता है कि उसकी पढ़ाई पूरी होने के साथ ही उसे अच्छी नौकरी मिल जाए। उनके इस सपने को पूरा करने के लिए दिग्विजय महाविद्यालय अब सिर्फ छात्रों को शिक्षा देने का ही नहीं बल्कि रोजगार देने के लिए भी काम कर रहा है। इसी क्रम में दिग्विजय महाविद्यालय ने छात्रों का कैरियर बनाने के लिए एक भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया। यह मेला न सिर्फ छात्रों के लिए सुनहरा अवसर साबित हुआ। बल्कि यह भी दिखाया गया कि अब दिग्विजय महाविद्यालय में पढ़ाई सिर्फ डिग्री तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह छात्रों को रोजगार दिलाने में भी मदद कर रहा है। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं महाविद्यालय के रोजगार प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. संजय ठिसके के मार्गदर्शन में



## 1229 बच्चों ने प्लेसमेंट कैंप में लिया भाग

महाविद्यालय परिसर में रोजगार मेले का शुभारंभ जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष अतुल रायजादा ने किया। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि यह रोजगार मेला इस महाविद्यालय के विज्ञान, वाणिज्य और कल संकायों के विद्यार्थियों एवं पूर्व वर्षो में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए इसका आयोजन किया गया है। गुरूवार को आयोजित इस मेले का मुख्य उद्देश्य शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करना था। मेले में 11 प्रमुख कंपनियों ने हिस्सा लिया। इनमें प्रदेश के साथ देश की नामी कंपनी, आईबी ग्रुप, रोकड़े ज्वेलर्स नागपुर, मुथूट माइक्रोफिन, मेहता स्टील्स, बजाज, एलियांज, एलआईसी टेक्नो जैसी कंपनियों ने हिस्सा लिया। रोजगार प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. संजय ठिसके ने बताया मेले में कुल 2500 प्रशिक्षुओं ने वर्चुअल माध्यम से पंजीयन कराया गया। जिसमें 1229 बच्चों ने प्लेसमेंट कैंप में आकर विभिन्न कंपनियों में बायोडाटा जमा किया। जिसमें वर्तमान में पढ़ने वाले छात्रों के साथ-साथ महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र एवं अन्य महाविद्यालय से आए हुए छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए।

## पहला कॉलम...

### आज डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र की जयंती



राजनांदगांव (दावा)। मानस मर्मज्ञ, मूर्धन्य साहित्यकार डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र की 127वीं जयंती कान्यकुब्ज सभा राजनांदगांव एवं नांदगांव साहित्य एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 12 सितंबर शुक्रवार को आयोजित की जाएगी। सर्वप्रथम सुबह 9 बजे त्रिवेणी परिसर में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया है। त्रिवेणी परिसर में नांदगांव साहित्य एवं संस्कृति परिषद एवं कान्यकुब्ज सभा द्वारा डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र, डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी एवं गजानन माधव मुक्तिबोध की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। कान्यकुब्ज सभा के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा एवं नादगांव साहित्य एवं संस्कृति परिषद के अध्यक्ष अखिलेश तिवारी ने साहित्य प्रेमियों से उपस्थित होने की अपील की है। संध्या 6 बजे डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित ऑनलाईन परिसंवाद का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. शंकर मुनिराय विभागाध्यक्ष हिंदी शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरीश पंकज वरिष्ठ साहित्यकार रायपुर करेंगे। डॉ. नीलम तिवारी सहायक प्राध्यापक दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, मृणाल शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) अपने उद्बोधन प्रस्तुत करेंगे। छत्तीसगढ़ के अनेक साहित्यकारों ने परिसंवाद में सहभागिता की स्वीकृति दी है।

### मटिया वार्ड के रहवासी लो-वोल्टेज की समस्या परेशान



डोंगरगांव (दावा)। नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 14 मटिया के रहवासी विगत चार महीने से लो वोल्टेज की समस्या से परेशान हैं. इस मामले को लेकर वार्डवासी सहित वरिष्ठ नागरिक और पाषर्दगण भी विद्युत विभाग के अधिकारियों से आवेदन निवेदन कर चुके हैं, बावजूद इसके अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है. इस मामले में वार्ड पार्षद पुरुषोत्तम साहू के नेतृत्व में पुन- 11 सितम्बर गुरुवार को डोंगरगांव स्थित विद्युत कार्यालय पहुंचकर कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन दिया और सात दिवस के भीतर समस्या के समाधान की बात कही. वहीं वार्डवासियों ने चेतावनी भी दी है कि समय के अंदर समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा. उन्होंने बताया कि वार्डवासी विगत 4 महीने से गर्मी में परेशान हैं और लो वोल्टेज के कारण ना तो लाइट सही से चल पाता है और नहीं पंखे चल पाते हैं, ऐसे में भारी गर्मी में रह पाना मुश्किल हो रहा है.

### गणेश राम साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। मोहड़ वार्ड नं. 49 निवासी 75 वर्षीय गणेश राम पिता स्व. ररूहाराम साहू का 10 सितंबर बुधवार रात को निधन हो गया। वे उत्तम साहू व शेखर साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में 11 सितंबर को किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में ईष्ट मित्र व ग्रामीण शामिल हुए।

### सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वाले 50 से ज्यादा लोगों की थाने में परेड



खैरागढ़ (दावा)। जिला केसीजी पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हंगामा करने वालों के खिलाफ एक अनूठा अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत गुरुवार को 50 से भी ज्यादा लोगों को गंडई थाने में लाया गया और उनकी एक परेड कराई गई। पुलिस ने इन सभी लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया और उन्हें भविष्य में नशा न करने की सख्त चेतावनी दी। साथ ही इन लोगों से नशे के दुष्परिणामों पर एक निबंध भी लिखवाया गया। जिला केसीजी पुलिस का कहना है कि यह पहल आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए की गई है। एक दिन पहले खैरागढ़ थाने में भी इसी तरह की कार्रवाई की गई थी। पुलिस ने बताया कि जिले को नशामुक्त बनाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे इस पहल में सहयोग करें।

# माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में दूर-दराज से पहुंचने वाले दर्शनार्थियों के लिए होनी चाहिए सुविधाजनक एवं चाक-चौबंद व्यवस्था - कलेक्टर



- सेवा पंडालों में चाय, नाश्ता, भोजन, पेयजल एवं अन्य सुविधा के संबंध में ली जानकारी
- खाद्य एवं सुरक्षा विभाग को खाद्य पदार्थों का निरीक्षण करने के दिए निर्देश
- डोंगरगढ़ मेला स्थल के आसपास साफ-सफाई करवाने के दिए निर्देश
- सभी अधिकारियों, ट्रस्ट के सदस्यों, सेवा पंडाल के संचालकों तथा अन्य सभी को समन्वय एवं सहयोग से कार्य करने के लिए कहा

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 22 सितम्बर 2025 से प्रारंभ होने वाले क्वांर नवरात्रि मेले में यात्रियों की सुविधा एवं कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में दूर-दराज से लाखों की संख्या में दर्शनार्थी श्रद्धा एवं आस्था के साथ पहुंचते है। श्रद्धालुओं के लिए क्वांर नवरात्रि मेले में सुविधाजनक एवं चाक-चौबंद व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दर्शनार्थियों की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही है। जिसे देखते हुए हम सभी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने सेवा पंडाल के संचालकों से बात की तथा सेवा पंडालों में चाय, नाश्ता, भोजन, पेयजल एवं अन्य सुविधा के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने खाद्य एवं सुरक्षा विभाग को खाद्य पदार्थों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने डोंगरगढ़ मेला स्थल के आसपास साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सेवा पंडालों में पदयात्रियों के लिए दवाई, पट्टी, ओआरएस, ग्लूकोस घोल एवं अन्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने डोंगरगढ़ जाने वाले मार्ग में पदयात्रियों को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग को सड़क मरम्मत करने एवं दुर्घटनाजन्य स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पदयात्री मार्ग में आने वाले विभिन्न ग्राम पंचायतों के माध्यम से सहयोग लेते हुए सेवा पंडालों में व्यवस्था बनाएं तथा वहां प्रकाश, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने रेलवे विभाग के अधिकारी को अतिरिक्त टिकट काउंटर खोलने तथा दर्शनार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों, ट्रस्ट के सदस्यों, सेवा पंडाल के संचालकों तथा अन्य सभी को समन्वय एवं सहयोग से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने रोपवे के लिए फिटनेश सर्टिफिकेट एवं मेले की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में मेला स्थल एवं मंदिर में पार्किंग की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने एम्बुलेंस, सेवा पंडाल के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दर्शनार्थियों की संख्या के आधार पर भीड़ की स्थिति नहीं बने, इसे ध्यान में रखते हुए रोपवे टिकट का वितरण करें। आवागमन एवं यातायात की व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने बताया कि माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 22 सितम्बर से 1 नवम्बर 2025 तक आयोजित क्वांर नवरात्रि मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। बैठक में वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम भार्गव, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, ट्रस्टी महेन्द्र भाई पटेल, योगश अग्रवाल, गौतम चोपड़ा, सुनील मुंदडा, नगर पालिक परिषद डोंगरगढ़ के अध्यक्ष रमन डोंगरे, सेवा पंडाल संचालक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सुरगी पुलिस ने 32 पौवा देशी शोले शराब की ज़ब्त



## आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुरगी चौकी पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र के एक आरोपी के पास से 32 पौवा देशी शराब शोले जब्त की है। पुलिस ने उक्त आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत् गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी का नाम विक्रमादित्य साहू पिता गणेश साहू उम्र 40 वर्ष निवासी सुरगी बताया जाता है।

सुरगी चौकी प्रभारी शंकर गिरी गोस्वामी ने बताया कि 11 सितंबर गुरुवार को मुखबीर की सूचना पर ग्राम सुरगी में दिलीप मुर्गा दुकान के पास शराब रेड कार्यवाही किया गया। इस पर आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग के बोरी में 32 पौवा सवा शेरा देसी शोले कुल 5 लीटर 760 एमएल. छत्तीसगढ़ निर्मित शराब कीमती 2560 रुपए मिला। आरोपी के विरुद्ध पुलिस चौकी सुरगी में अपराध क्रमांक 423/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# जीएसटी सुधार से आवश्यक वस्तुओं की कीमतें घटेंगी और हर सेक्टर में आएगा उछाल : राजेश गुप्ता अग्रहरि



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में जीएसटी में किए गए बदलाव की तारीफ करते हुए कहा कि पूर्व के 4 स्लैब की जगह जीएसटी में मात्र दो स्लैब 5 और 18 रखे जाने से आवश्यक वस्तुओं के दामों में जहां कमी आएगी। वही व्यापार व्यवसाय, उद्योग को भी नई गति मिलेगी। देश के विकास दर में इससे पंख लगना निश्चित है। उन्होंने कहा कि जीएसटी के नए प्रावधान से देश की अर्थव्यवस्था आसमान की उड़ान पर रहेगी। उन्होंने ने यह भी कहा कि जीएसटी में बदलाव आमजन को खुशहाल करेगा। इसके साथ ही एक राष्ट्र एक टैक्स की भावना, श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को पुष्ट करेगा।

व्यवसाय से जुड़े श्री अग्रहरि ने कहा कि आजादी के बाद से लेकर 101वें संविधान संशोधन द्वारा 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पहले तक भारत में 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के सेस लागू थे। इसके अलावा भी राज्य सरकारे मनमाने ढंग से कभी भी कोई भी कर आरोपित कर देती थी। प्रत्यक्ष कर की बातें करें तो आयकर की दर तो एक समय अधिकतम 97.5 प्रतिशत तक पहुंच गया था। पिछले वर्ष 12 लाख सालाना की आय पर टैक्स नहीं लागू करने का निर्णय लेने के बाद अब जीएसटी में चार स्लैब के बदले दो ही स्लैब रखने, सभी उपयोगी वस्तुओं पर कर शून्य करने और अनेक उत्पादों में कर 10 प्रतिशत तक कम कर देने से अब वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था जनता के लिए रामराज्य लाने वाला साबित होगा। श्री अग्रहरि ने आगे कहा कि जीएसटी को गब्बर टैक्स कहने वाले कांग्रेस के मुंह में इसका रिफार्म एक तमाचा है। नवरात्रि के पावन पर्व से लागू होने वाली जीएसटी की नई दरें आम आदमी से लेकर व्यापार उद्योग जगत के लिए लाभकारी साबित होगा। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी व वित्तमंत्री श्रीमती सीतारमण व जीएसटी कौंसिल के सभी सदस्य बधाई के पात्र है।

# छिरपानी मंदिर परिसर में शांति भंग करने वाले को पुलिस ने धर दबोचा



## गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत की गई कार्यवाही

डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस ने धर्मनगरी के छिरपानी मंदिर परिसर में शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्व को धरदबोचा है और उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। डोंगरगढ़ थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि मां बम्लेश्वरी परिसर में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आरोपी को प्रतिबंधित करने एसडीएम न्यायालय पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि 11 सितंबर गुरुवार आज को छीरपानी मंदिर परिसर में राम पालन प्रसाद पिता गोरख प्रसाद उम्र 49 साल निवासी चकरा गोसाई थान मईल जिला देवरिया उत्तर प्रदेश द्वारा मंदिर परिसर अतिथि गृह में रखे राजमिस्त्री के सामान को इधर से उधर कर रहा था। जिसे मंदिर कर्मचारी द्वारा पकड़े जाने पर कर्मचारियों के साथ वाद-विवाद करने लगा एव लोगो के द्वारा समझाने पर और ज्यादा आक्रोशित होकर लड़ाई-झगड़ा एवं मरने-मारने पर उतारू हो गया था। जिसके विरूद्ध धारा-170/125,135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया है।

# प्रयास विद्यालय : 12 व 13 को काउंसलिंग

मोहला (दावा)। प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव बलरामपुर एवं बिलासपुर में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु वर्गवार चतुर्थ प्रतीक्षा सूची विभागीय वेबसाइट www.eklavya.cg.nic.in पर जारी कर दी गई है। अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर समूह (पीवीटीजी) के बालक/बालिका के लिए काउंसलिंग 12 सितंबर व 13 सितंबर को अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के बालक/बालिकाओं के लिए आयोजित की जाएगी। जिसके लिए प्रातः10 से सायं 5 बजे तक निर्धारित की गई है। काउंसलिंग प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू उरकुरा मार्ग, वीआईपी सिटी कॉलोनी के सामने रायपुर में होगा।

उल्लेखनीय है कि सर्वप्रथम बलरामपुर जिले की रिक्त सीटों की पूर्ति की जाएगी। जिसके पश्चात राजनांदगांव एवं बिलासपुर जिलों के रिक्त सीटें भरी जाएंगी। सूची में शामिल सभी अभ्यर्थी समय पर उपस्थित होकर प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नेतुराम निषाद आयु 55 वर्ष आ. स्व. रति राम निषाद, निवासी ग्राम परेवाडीह, पो. बोईरडीह, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूं।

यह शपथ करता हूँ कि मैं अपना नाम नीतू राम केंवट से बदलकर नेतूराम निषाद रख लिया है। अतः आज से मेरा नाम नेतुराम निषाद से समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नए नाम नेतुराम निषाद से ही जाना, पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूं।

**नेतुराम निषाद**
आ. स्व. रति राम निषाद,
निवासी ग्राम परेवाडीह, पो. बोईरडीह, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

## आज श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा 12 सितम्बर को सुबह 8.30 बजे से राजनांदगांव विकासखंड के औद्योगिक क्षेत्र टेड़ेसरा के नवीन शासकीय प्राथमिक शाला में श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में श्रमिकों का स्वास्थ्य जांच किया जाएगा। बीमारी से ग्रसित पाए जाने वाले श्रमिकों को श्रम विभाग अंतर्गत संचालित मंडलों के पात्रतानुसार आवेदन कराकर लाभान्वित किया जाएगा। शिविर में अपंजीकृत श्रमिकों को पात्रतानुसार नवीन पंजीयन एवं नवीनीकरण कार्य किया जाएगा तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत कराया जाएगा। श्रमिकों को अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल होकर स्वास्थ्य जांच कराने तथा विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है।

## शुभांक

अनुमानित

बी. के.
2-4-0
370-0 137-1
राजधानी
1-6-9
390-2 258-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, डोंगरगढ़ संभाग

**-: विद्युत बंद की सूचना:-**

समस्त सम्मानीय उपभाक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आगामी क्वांर नवरात्रि मेला पर्व को ध्यान में रखते हुए डोंगरगढ़ संभागीय कार्यालय के अंतर्गत 11 के.व्ही. मंदिर फीडर डोंगरगढ़ में आने वाले ऊपर मंदिर, कालकापारा, मिसयाबाड़ा एवं रेल्वे स्टेशन आदि क्षेत्र में दिनांक 12.09.2025 को ट्री कटिंग एवं मेंटनेंस कार्य किया जाना प्रस्तावित है। लाईन मेंटनेंस का समय सुबह 10.00 **बजे से शाम** 4.00 **बजे** तक है। विद्युत सप्लाई उल्लेखित समय तक बाधित रहेगी। आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई-बढ़ाई जा सकती है। असुविधा के लिए खेद है।

**"बिजली की बचत ही, बिजली का उत्पादन है"**

कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टेट.पा.डिस्ट्री.कं.लिमि., डोंगरगढ़

## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग, सामान्य वनमंडल खैरागढ़

**काष्ठागार ठेलकाडीह का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विवरण**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल खैरागढ़ अधिनस्थ अस्थायी डिपो ठेलकाडीह में उपलब्ध नया एवं पुराना ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन में भाग लेंवे। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल एवं अस्थायी डिपों ठेलकाडीह से प्राप्त की जा सकती है।

1. नीलाम दिनांक - 19.09.2025
2. नीलाम का सयम - दोपहर 02.00 से

| प्रजाति | नया वनोपज (काष्ठ) | | | पुराना वनोपज (काष्ठ) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) |
| सागौन | 218.547 | 345 | 1696 | 347.845 | 318 | 3956 |
| बीजा | 41.159 | 0 | 0 | 195.975 | 0 | 0 |
| साजा | 47.991 | 0 | 0 | 61.130 | 0 | 0 |
| धावड़ा | 27.758 | 0 | 0 | 24.824 | 0 | 0 |
| हल्दु, मुंडी | 9.487 | 0 | 0 | 27.860 | 0 | 0 |
| तिन्सा | 15.287 | 0 | 0 | 8.708 | 0 | 0 |
| खम्हार | 0 | 0 | 0 | 0.228 | 0 | 0 |
| कसही | 2.352 | 0 | 0 | 93.535 | 0 | 0 |
| भिरहा | 3.880 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| सलिहा मोदे | 5.625 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| अन्य | 53.255 | 0 | 0 | 17.154 | 124 | 0 |
| योगः- | 425.341 | 345 | 1696 | 777.259 | 442 | 3956 |

टीपः-(1) क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
(2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लाट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते है।
(4) ई- ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

जी- 252603406/1

वनमण्डलाधिकारी
खैरागढ़ वनमण्डल, खैरागढ़

SILVER SCREEN MULTIPLEX
12th Sep to 18th Sep 2025



Demon Slayer Kimetsu No Yaiba Infinity Castle (Hindi) - 12:30 and 06:30 pm
Mirai - 03:15, 06:15 and 09:15 pm
Heer Express - 12:15 pm
Baaghi 4 - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
The Conjuring Last Rites - 03:30 and 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
ता. 12 से रोजाना 4 खेल
सस्पेंस फिल्म
खारून पार
एल्सा घोस - शीला वर्मा क्रांति दीक्षित, उपासना वैष्णव




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# जिला चिकित्सालय में घुसकर बाहरी तत्वों द्वारा की गई मारपीट, कर्मचारियों ने की सुरक्षा की मांग



○ सिविल सर्जन डॉ. यू.के. चंद्रवंशी को सौंपा गया ज्ञापन
○ जिला चिकित्सालय में स्टाफ नर्स सहित अन्य स्टाफ की भर्ती की मांग

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर स्थित जिला चिकित्सालय में बीती रात फिमेल वार्ड में रात्रिकालीन ड्यूटी में लगे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के साथ बाहरी तत्वों द्वारा घुसकर मारपीट किए जाने से अस्पताल स्टाफ के लोग दहशत में आ गए हैं और कर्मचारी संघ के नेता लाभेश पगारे के नेतृत्व में सिविल सर्जन यू.के. चंद्रवंशी को ज्ञापन सौंप कर अस्पताल स्टाफ के कर्मचारियों की सुरक्षा की मांग की है।

कर्मचारी नेता लाभेश पगारे ने बताया कि फिमेल वार्ड में रात्रि कालीन ड्यूटी में लगे आया व गार्ड आदि के साथ अज्ञात कारणों से बाहरी तत्वों द्वारा मारपीट की गई। बताया जाता है कि उक्त तत्व मारपीट करने के लिए गैंग ले कर आ गए थे। हालांकि उन्होंने बताया कि उक्त घटना के संबंध में बाद में कंप्रोमाइज हो गया है लेकिन भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसलिए सिविल सर्जन डॉ. चंद्रवंशी को ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों की सुरक्षा की मांग की गई है।

श्री पगारे ने बताया कि जिला चिकित्सालय में स्टाफ की भारी कमी है। आने वाले दिनों में कुछ और कर्मचारी सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इससे अस्पताल में काम करने वाले स्टाफ नर्स,वार्ड ब्वाय, गार्ड, आया, आपरेटरों की और भी कमी हो जाएगी। इससे अस्पताल में मरीजों को सुविधा उपलब्ध कराने में कमी आने पर उन्हें लोगों के कोप भाजन का शिकार होना पड़ेगा। इसलिए अस्पताल प्रबंधन से जीवन दीप समिति के माध्यम से स्टाफ भर्ती किए जाने की मांग की गई है। लाभेश ने बताया कि पूरे प्रदेश में 5 से 7 हजार स्टाफ नर्सों की जरूरत है। इसी तरह सुरक्षा गार्ड से लेकर वार्ड ब्वाय, आया, आपरेटर आदि सहित अन्य पोस्ट की भी आवश्यकता बनी हुई है।

### बिगड़ी व्यवस्था

इधर बीते 18 अगस्त से एन एच एम कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाने से जिला चिकित्सालय की व्यवस्था चरमरा गई है। इससे नियमित कर्मचारियों पर काम का भारी दबाव बना हुआ है। काम के दबाव से परेशान हो कर नियमित कर्मचारियों ने सीएस को ज्ञापन सौंपा है। संघ अध्यक्ष पगारे ने बताया कि बच्चा वार्ड और एस एन सीयू में डाक्टरों की नियमित मौजुदगी नहीं होने से इमरजेंसी हालात बिगड़ जाते हैं। कर्मचारियों ने इस संबंध में ज्ञापन सौंप कर विभिन्न वार्डों में एनएसएस स्टाफ की ड्यूटी लगाने की मांग की है साथ ही उन्होंने कहा है कि नर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी तय करने का पूरा अधिकार मेट्रन को दिया जाए। एसएनसीयू में तीनों पालियों में डाक्टर की मौजूदगी सुनिश्चित हो ताकि नवजात बच्चों के साथ कोई अनहोनी न हो और परिजनों को इलाज से संतुष्टि हो सके । इसके अभाव में ड्यूटी पर कार्यरत लोगों को मरीज के परिजनों व अन्य लोगों के कोप भाजन का शिकार होना पड़ता है।

देखना यह है कि कर्मचारी संघ द्वारा सीएस को सौंपे गए ज्ञापन का क्या असर होता है। अस्पताल कर्मचारियों को सुरक्षा देने व जीवन दीप समिति के माध्यम से स्टाफ भर्ती के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं आने वाले दिनों में पता चल पाएगा।

# मोहारा रोड पर फ्लाई ओवर के नीचे खुलेआम चल रही शराबखोरी, सड़क से गुजरना हो रहा मुश्किल



फ्लाईओवर के नीचे कचरे का ढेर, स्वच्छता मुहिम की पोल खुली

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी कहलाने वाले राजनांदगांव के मोहारा फ्लाई ओवर के नीचे खुलेआम शराब सेवन से आमजन परेशान हैं। रोज जमावड़ा लगाकर यहां शराब पीते दिखाई देते हैं। इसके अलावा यहां ठेला-खोमचा सहित अन्य दुकानों में आसानी से शराब भी मिल रही है। फ्लाई ओवर के नीचे अघोषित आहता बन गया है। हद तो तब है, जब यहां शराबखोरी करवाने के बाद दुकान और मदिराप्रेमी जमकर गंदगी फैला रहे हैं। बायपास बनने के बाद मोहारा रोड में यह व्यस्तम चौराहा बन गया है। यहां हमेशा आवाजाही बनी रहती है, लेकिन खुलेआम शराब खोरी के चलते माहौल खराब रहता है। इस वजह से यहां गुजरने के लिए महिलाएं कतराती हैं, शाम के बाद तो माहौल और भी खराब हो जाता है। राहगीरों का कहना है कि शराब सेवन की वजह से फ्लाई ओवर के नीचे पानी पाउच, डिस्पोजल और शराब की बोतलों के कांच के टुकड़े बिखरे रहते हैं। इससे न केवल गंदगी फैलती है, बल्कि बदबू और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी माहौल को खराब करता है।

### अवैध रूप से शराब की बिक्री, कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि संस्कारधानी कहलाने वाले शहर और विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के क्षेत्र में शहर के प्रवेश में ही फ्लाई ओवर के नीचे का ऐसा माहौल समाज को गलत संदेश देता है। राहगीरों और नागरिकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि फ्लाई ओवर के नीचे अवैध शराब बिक्री और दुकानों में सेवन पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा यहां फैली गंदगी को भी साफ कराई जाए। इससे क्षेत्र का वातावरण स्वच्छ और सुरक्षित बन सकेगा।

### पहले हुई थी कार्रवाई

यहां फैली गंदगी स्वच्छता अभियान को चिढ़ाते नजर आती है। इससे नगर निगम की लापरवाही भी उजागर हो रहा है। बता दें कि कुछ समय पहले नगर निगम की ओर से यहां अवैध ठेला-खोमचा लगाने वालों पर कार्रवाई की गई थी। इसके अलावा उन्हें कचरा नहीं फैलाने की भी समझाइश दिया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं झाड़ू लगाकर देश को स्वच्छता का संदेश दिया, लेकिन राजनांदगांव के नेता, अधिकारी धज्जियां उड़ा रहे है।

स्वच्छता के जन अभियान की अगुआई करते हुए प्रधानमंत्री ने जनता को महात्मा गांधी के स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण वाले भारत के निर्माण के सपने को साकार करने के लिए प्रेरित किया। पीएम मोदी ने स्वयं स्वच्छता अभियान को शुरू किया। धूल-मिट्टी को साफ करने के लिए झाडू उठाकर स्वच्छ भारत अभियान को पूरे राष्ट्र के लिए एक जन-आंदोलन का रूप दिया और कहा कि लोगों को न तो स्वयं गंदगी फैलानी चाहिए और न ही किसी और को फैलाने देना चाहिए। उन्होंने 'न गंदगी करेंगे, न करने देंगे।' का मंत्र भी दिया। पीएम मोदी ने नौ लोगों को स्वच्छता अभियान में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया और उनमें से हर एक से यह अनुरोध किया वो अन्य नौ लोगों को इस पहल में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। लोगों को इस अभियान में शामिल होने का आह्वान करके स्वच्छता अभियान एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले चुका है। स्वच्छ भारत अभियान के संदेश ने लोगों के अंदर उत्तरदायित्व की एक अनुभूति जगा दी है। अब जबकि नागरिक पूरे देश में स्वच्छता के कामों में सक्रिय रूप से सम्मिलित हो रहे हैं, महात्मा गांधी द्वारा देखा गया 'स्वच्छ भारत' का सपना अब साकार होने लगा है।

# अनूप दास वैष्णव बने अभा पुजारी पुरोहित संघ के जिला उपाध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार निर्वाणी, राष्ट्रीय महासचिव आचार्य अशोक चतुर्वेदी हरिवंश, राष्ट्रीय सचिव जीके लाल वैष्णव, प्रदेश संयोजक सौरभ निर्वाणी की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र दास के निर्देशन पर प्रदेश महासचिव डोमन दास वैष्णव के आदेश आदेश पर अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के जिला उपाध्यक्ष बनाये गये है।

# लगातार बढ़ते अपराध से डोंगरगांव अछूता नहीं



डोंगरगांव (दावा)। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में कई प्रकार के असामाजिक तत्व घूम रहे हैं, जो रास्ता रोककर नशे के लिए पैसे मांगते है और नहीं देने पर लूटपाट और धारदार हथियारों से राहगीरों को घायल करते हैं. इस गंभीर विषय को लेकर स्थानीय पुलिस ने अबतक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है. शहर के सभी गली मोहल्ले में न गस्त होती है न चौक चौराहे में औचक निरीक्षण किया जाता है. आजकल छापरी टाइप युवक नशे की हालत में उटपटांग बाइक चलकर राहगीरों को चोटिल कर रहे हैं. वहीं उनके साथ कम उम्र के युवक भी धारदार हथियारों के साथ निकलते हैं और वे इस ट्रेंड को बखूबी निभा रहे हैं. वहीं देर रात 10 बजे के बाद भी चौक-चौराहे के बंद होटल या अंधेरे जगहों में बैठकर नशापान आम हो चला है और मना करने पर अपने पास रखे हथियारों से हमलाकर घायल करने से भी नहीं चूकते. फिलहाल डोंगरगांव पुलिस ने लंबे समय के बाद असामाजिक और आपराधिक प्रवृत्ति के युवकों को पकड़ा है. मिली जानकारी के थाना क्षेत्र में उत्पात मचाने वाले लिखुराम पिता भागवत राम निर्मलकर उम्र 24 साल, निवासी सालिकझिटिया तथा धर्मेन्द्र निषाद पिता दयालुराम निषाद उम्र 30 साल, निवासी चांदो को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है. दोनों आरोपियों को धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत एसडीएम न्यायालय से जेल भेजा दिया गया।

# ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने काली पट्टी लगाकर किया कार्य

### 23 को जिला मुख्यालय में रैली एवं धरना प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ जिला राजनांदगांव ने संघ के आह्वान पर वर्षों से लंबित मांगों को लेकर चरण बद्ध आंदोलन की घोषणा की है। संघ के जिला अध्यक्ष योगेश बिशने, उपाध्यक्ष प्रणेश शर्मा, सचिव शेखर हिरवानी एवं अन्य पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व वर्षों से लंबित अपनी जायज मांगों को लेकर बार-बार शासन को अवगत कराया गया है और शासन से हर बार आश्वासन ही मिला है। संघ अपनी मांगों को लेकर अडिग है।

### संघ की प्रमुख मांगे

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का वेतन मान संशोधन 4300 ग्रेड पे, फिक्स टीए 2500 प्रतिमाह किया जाए, मोबाइल इंटरनेट लैपटॉप व स्टेशनरी हेतु संसाधन भत्ता, गैर विभागीय कार्यों से मुक्ति तथा लंबित पदोन्नति प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ किया जाए। आंदोलन का स्वरूप 8 व 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर काम करना,15 सितंबर को तहसील व जिला स्तर पर रैली व ज्ञापन के साथ ही बिना संसाधन भत्ता के समस्त ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार, 23 सितंबर को जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना एवं रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात और विकास कार्यो पर चर्चा



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम तोरणकट्टा के ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों की मांगों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। इस बैठक में तोरणकट्टा में पूर्व में बनी लिफ्ट इरीगेशन परियोजना को पुनः सिंचाई के लिए चालू करने पर विस्तृत चर्चा की गई। ग्रामीणों ने जल संरक्षण और अन्य विकास कार्यों पर भी विचार-विमर्श किया।

इसके अतिरिक्त ग्रामीणों ने तोरणकट्टा से रवेली तक की जर्जर सड़क की समस्या को उठाया। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से मुलाकात कर इस मार्ग के पुनर्निर्माण के लिए मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत आवेदन दिया। विशेष रूप से, रवेली से ठाकुरटोला तक की सड़क के खराब हालात पर ध्यान दिलाया गया। इस प्रतिनिधिमंडल में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा (पप्पू) चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, सरपंच सैन उइके, उप सरपंच रेखलाल साहू, कामता यदु, विजय चंद्राकर और मुकेश साहू शामिल थे। इन सभी ने मिलकर गांव के विकास कार्यों की मांगों को प्रमुखता से रखा।

# चमत्कार तभी होता है, जब जीवन में चारित्र हो - विनय कुशल मुनि



राजनांदगांव (दावा)। प्रख्यात जैन संत विनय कुशल मुनि ने आज मुनि जयानंद की गुणानुवाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुनि जयानंद जी का जीवन चमत्कारों से भरा रहा। उनके भीतर अपार भक्ति थी। 10 सितंबर की रात को 12 बजे के बाद उन्होंने यहां से प्रस्थान किया। उनके लिए भगवान की आज्ञा और भक्ति महत्व रखती थी। उन्होंने कहा चमत्कार तभी होता है, जब जीवन में चारित्र हो। जैन बगीचे के उपाश्रय भवन में आज मुनि जयानंद जी की गुणानुवाद सभा को संबोधित करते हुए विनय कुशल मुनि ने कहा कि गुरु भगवन के 95 महोत्सव में उन्होंने स्वयं अपनी आंखों से चमत्कार देखा है। गुरु भगवन जिस जगह खड़े थे, उस जगह उनके पैरों के निशान बन गए थे। तीन दिन बाद जब सफाई हुई, तब भी उनके पैरों के निशान वैसे के वैसे ही रहे। उन्होंने कहा कि गुरुदेव जब भक्ति करते थे तो परमात्मा के साथ एकाकार हो जाते थे, उनकी परमात्मा से लौ लग जाती थी। उनका जीवन चमत्कारों और नियमों से भरा था। उन्होंने कहा कि ऐसे गुरु भगवन के समान ही हमारा चारित्र हो और उनका आशीष सदैव हम पर बना रहे। गुरुकृपा से हम मोक्ष के मार्ग की ओर आगे बढ़ जाएं।

भानपुरा (मध्य प्रदेश) से आए एक श्रावक ने कहा कि गुरुदेव जयानंद मुनि का आशीर्वाद एवं सानिध्य भानपुरा (मध्य प्रदेश) के लोगों को सदैव मिला है। जैन समाज के 50 घर के 200 लोगों वाली इस बस्ती में गुरुदेव का चातुर्मास हो चुका है और उस दौरान भानपुरा (मध्य प्रदेश) के लोगों को लगता था कि गुरुदेव जयानंद मुनि हमारे बीच के ही हैं और भानपुरा (मध्य प्रदेश) में रहते हुए ही उन्होंने दीक्षा ली है। श्री पार्श्वनाथ मंदिर समिति के मैनेजिंग ट्रस्टी एवं सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष मनोज बैद ने भी राजनांदगांव श्री संघ पर मुनि श्री का आशीर्वाद बना रहे की कामना करते हुए बताया कि 11 सितंबर से दादाबाड़ी में 15 दिवसीय इक्कीसा का कार्यक्रम शुरू हो गया है। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।

# जिला न्यायालय में विशेष जागरूकता शिविर संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जिला न्यायालय परिसर राजनांदगांव में सेन्ट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेन्टल हेल्थ एण्ड न्यूरो सांइस देवादा के संयुक्त तत्वावधान में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुषमा सावंत ने विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर आयोजित विशेष जागरूकता शिविर में विभिन्न विभाग के कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति को दृष्टिगत रखते हुए तनाव से बचने एवं आत्महत्या जैसे आत्मघाती कदम उठाने से रोकने के लिए हर परिस्थितियों में खुश रहने की कुंजी दी। कुलपति सेन्ट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेन्टल हेल्थ एण्ड न्यूरो सांइस देवादा प्रमोद गुप्ता ने आत्महत्या जैसे कदम उठाने से रोकने के लिए अपने दैनिक जीवन तथा कार्यों का उचित प्रबंधन करने का मंत्र दिया।

# शिक्षा विभाग का संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न, संयुक्त संचालक ने दिए निर्देश

**राजनांदगांव (दावा)।** संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग हेमंत उपाध्याय की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 के तहत राजनांदगांव, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई एवं मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी जिले के जिला शिक्षा अधिकारी, जिला के समस्त सहायक संचालक, सहायक जिला परियोजना अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य तथा तीनों जिलों के संकुल समन्वयकों की संयुक्त बैठक पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में आयोजित की गई। जिसमें तीनों जिलों के 750 अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए।

उक्त बैठक में संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'बाल देवो भवः' केवल एक नारा ही नहीं है, बल्कि यह शिक्षा विभाग की संकल्पना है। बच्चों की मुस्कान और उनकी जिज्ञासा को संरक्षित करना ही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। बच्चे ईश्वर का स्वरूप है, उनके उज्जवल भविष्य में ही समाज और राष्ट्र का भविष्य निहित है। यदि हम उन्हें उत्तम शिक्षा, संस्कार और सुरक्षित वातावरण देंगे तो वह एक सशक्त भारत का निर्माण करेंगे। बच्चों में देवता का वास होता है। इस भावना को आत्मसात करते हुए दुर्ग संभाग को श्रेष्ठ बनाने हेतु केंद्र बिंदु के रूप में रखा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 'बाल देवो भवः' सूक्ति वाक्य प्रत्येक शाला में ऐसे स्थान पर अंकित करायें, जो सभी के लिए पठनीय हो। इसके लिए 18 सितंबर को अंतिम तिथि तय की गई है। उक्त अवधि के अंदर प्रत्येक विद्यालय में 'बाल देवो देव भवः' सूत्र वाक्य के रूप में अंकित किया जाएगा तथा सभी अधिकारी अपने-अपने आसन के समक्ष 'लक्ष्य एक दुर्ग संभाग श्रेष्ठ' लिखेंगे। जिसकी अंतिम तिथि 18 सितंबर होगी। शिक्षक एवं अधिकारी गण 'बाल देवो भवः' के अनुरूप रणनीति बनाकर अध्यापन के कार्य को ईश्वरोंपासना की तरह चरितार्थ करेंगे।

### लक्ष्य एक-दुर्ग संभाग श्रेष्ठ

लक्ष्य एक दुर्ग संभाग श्रेष्ठ शिक्षा विभाग की एक नई पहल है। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा के गुणवत्ता में निरंतर सुधार करते हुए दुर्ग संभाग को राज्य में उत्कृष्टता के आदर्श के रूप में स्थापित करना है। संयुक्त संचालक ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक और प्रत्येक विद्यार्थी को इस दिशा में मिलकर कार्य करना होगा। हमारा उद्देश्य यह है कि दुर्ग संभाग शैक्षिक उत्कृष्टता की दिशा में राज्य में एक मिसाल बने। इस हेतु नियमित मॉनिटरिंग समीक्षा बैठकें और नवाचारों को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि 'लक्ष्य एक-दुर्ग संभाग श्रेष्ठ' अभियान के लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से प्राप्त किया जा सके।



### विद्यालय का प्रबंधन और प्रशासन

सुदृढ़ प्रबंधन और प्रभावी प्रशासन से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा विद्यालय के प्रशासनिक कार्यों का संचालन, समयबद्ध परीक्षा आयोजन शिक्षक छात्र संबंधों का विकास और विद्यालय की अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों का प्रबंधन प्राचार्य की जिम्मेदारी होगी। प्राचार्य को अभिभावकों और स्थानीय लोगों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखना होगा। इस प्रक्रिया से विद्यालय की गतिविधियों में सुधार संभव होगा और अभिभावकों का विश्वास बढ़ेगा। विद्यालय में प्रार्थना सभा का आयोजन रोचक एवं ज्ञानवर्धक होना चाहिए। इस हेतु समस्त संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया। संस्था प्रमुख अब शैक्षिक दैनंदिनी का नियमित संधारण एवं उसमें अपने द्वारा अध्यापित कार्य और शिक्षकों के अध्यापन कार्य का निरीक्षण तथा अधीनस्थ संस्थाओं के निरीक्षण व मॉनिटरिंग की प्रविष्टि की जाएगी।

### मॉनिटरिंग के प्रमुख बिंदु

प्रत्येक विद्यालय का नियमित निरीक्षण संकुल समन्वय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्रत्येक सप्ताह न्यूनतम तीन दिवस न्यूनतम 2-2 विद्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा। शिक्षकों की उपस्थिति, उनकी तैयारी और कक्षा का संचालन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विद्यार्थियों की उपस्थिति, पढ़ाई में उनकी रुचि और सहभागिता की समीक्षा की जाएगी। विद्यालय परिसर की स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और शिक्षण सामग्री की उपलब्धता की जांच की जाएगी। कमजोर विद्यालयों के लिए विशेष कक्षाएं तथा अतिरिक्त सहयोग एवं परामर्श दिया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय में प्राचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि पढ़ाई में कोई लापरवाही ना हो, जिसमें संकुल समन्वयक द्वारा विद्यार्थी की उपस्थिति का मूल्यांकन, संकुल समन्वयक को विद्यार्थी के बीच जाकर उनके उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन करेंगे। विद्यालय के प्रार्थना सभा में उपस्थित होकर उनका निरीक्षण कर प्रतिवेदन एवं अपने शाला में किए गए अध्यापन कार्य का प्रतिवेदन के साथ ही अधीनस्थ दो विद्यालयों के अवलोकन प्रतिवेदन प्रति दिवस सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के नियंत्रण में बने हुए व्हाट्सएप ग्रुप में प्रेषित करेंगे।

प्रत्येक सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अपने अधीनस्थ संकुलों से प्राप्त प्रतिवेदन का परीक्षण कर ग्रेडिंग देंगे। इस प्रकार संकुल समन्वयकों के कार्यों की ग्रेडिंग की जाएगी एवं प्रत्येक पाक्षिक प्रतिवेदन विकासखंड शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा। जिसके आधार पर विकासखंड में आवश्यक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। इसी प्रकार समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, जिला मिशन समन्वयक, सहायक जिला परियोजना अधिकारी अपने द्वारा किए गए निरीक्षण का प्रतिवेदन जिले के सहायक संचालक के द्वारा बनाए हुए व्हाट्सएप ग्रुप में प्रेषित करेंगे और उनके निरीक्षकों का भी ग्रीटिंग जिला स्तर से किया जाएगा। इसी प्रकार जिला स्तर के जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक आदि के द्वारा किए गए निरीक्षकों का प्रतिवेदन जिले के सहायक संचालक के द्वारा बनाए हुए व्हाट्सएप ग्रुप में प्रेषित करेंगे और उनके निरीक्षकों का भी ग्रेडिंग जिला स्तर से किया जाएगा। इसी प्रकार जिला स्तर के जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक आदि के द्वारा किए गए निरीक्षणों का प्रतिवेदन संभागीय सहायक संचालक के द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में प्रेषित किया जाएगा। जिसकी ग्रेडिंग संभाग स्तर से की जाएगी। जिस प्रतिवेदन की ग्रेडिंग कमजोर होगी अर्थात डी-ग्रेट का होगा। उन्हें सुधार करने हेतु निर्देशित किया जाएगा। सघन और सतत मॉनिटरिंग के द्वारा शिक्षा गुणवत्ता के उच्च मापदंडों को प्राप्त कर 'दुर्ग संभाग श्रेष्ठ संभाग' की उक्ति को चरितार्थ किया जाएगा। समस्त प्राचार्य एवं आहरण संवितरण अधिकारी को अधीनस्थ शिक्षकों के स्वत्वों का भुगतान त्वरित किए जाने का निर्देश दिया गया।

## अनमोल दावा

**मेहनत वह चाबी है जो बंद भविष्य के दरवाजे को भी खोल देती है।**

## जटिल कर प्रणाली से मिली मुक्ति, बदलावों से करोड़ों लोग लाभान्वित होंगे

हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और इनकम टैक्स में नए साहसिक सुधारों से न केवल आम आदमी की जिंदगी आसान होगी, बल्कि देश विकसित भारत की राह पर भी तेजी से आगे बढ़ेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी कहा कि नए कर सुधारों से इसी वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

इसी तरह दुनिया के विभिन्न आर्थिक और वित्तीय संगठनों की रिपोर्ट में भी जीएसटी और इनकम टैक्स में किए गए सुधारों से भारत के तेज गति से विकास की संभावनाएं प्रस्तुत की जा रही हैं। गौरतलब है कि जीएसटी परिषद ने चार टैक्स स्लैब 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत में बदलाव करते हुए 5 और 18 प्रतिशत स्लैब वाले दो-स्तरीय जीएसटी को मंजूरी दी है।


हालांकि अहितकर वस्तुओं की श्रेणी में आने वाली कुछ वस्तुओं पर 40 प्रतिशत कर लागू होगा। जीएसटी में हुए सुधारों के तीन बड़े आधार हैं। पहला, संरचनात्मक सुधार। इसमें टैक्स ढांचे को और बेहतर किया गया है। दूसरा, टैक्स दरों को तर्कसंगत बनाया गया है, ताकि जरूरी वस्तुएं सस्ती हों। तीसरा, नए रजिस्ट्रेशन और रिफंड को आसान बनाया गया है। इससे इनपुट और आउटपुट टैक्स रेट में संतुलन आएगा। जीएसटी के रजिस्ट्रेशन से लेकर पालन प्रतिवेदन की प्रक्रिया भी आसान की गई है। कारोबारी अब सिर्फ तीन दिन में जीएसटी पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकेंगे। उन्हें सात दिनों में रिफंड देने की व्यवस्था होगी। कच्चे माल और तैयार माल की दरों में भिन्नता होने के कारण इनपुट टैक्स रिटर्न में होने वाली दिक्कतों को भी समाप्त कर दिया गया है।जीएसटी दरों में नए बदलाव से वर्तमान में 12 प्रतिशत जीएसटी वाली लगभग 99 प्रतिशत वस्तुएं अब पांच प्रतिशत के स्लैब में आ जाएंगी। जबकि 28 प्रतिशत टैक्स वाली लगभग 90 प्रतिशत वस्तुएं 18 प्रतिशत के स्लैब में आ जाएंगी। नए बदलाव से आम आदमी से लेकर किसान और छोटे उद्योगों के इस्तेमाल में आने वाली सैकड़ों वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी। इससे घरेलू खपत में जोरदार तेजी आएगी। मध्य वर्ग उत्पादों की खरीद पर पैसा खर्च करेगा और मांग बढ़ने से निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा।

सरकार को भी उम्मीद है कि 47,000 करोड़ रुपये के सालाना राजस्व नुकसान के बावजूद इससे बाजार की गतिविधियों में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था को जिस तरह रफ्तार मिलेगी, उससे तात्कालिक नुकसान की सरलता से भरपाई हो जाएगी। आम आदमी एवं मध्यवर्गीय लोगों को कीमतों में राहत मिलेगी और उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी। बाजार में नकदी प्रवाह भी बढ़ेगा। जो छोटे उद्योग ट्रंप टैरिफ के कारण निर्यात घटने को लेकर चिंतित हैं, उन्हें घरेलू उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग से बड़ा सहारा मिलेगा। जीएसटी घटने से औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा और मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर से लेकर सर्विस सेक्टर तक में मांग बढ़ती हुई दिखाई देगी। अनुमान है कि देश में जीएसटी घटने से करीब दो लाख करोड़ रुपये की खपत बढ़ेगी और निर्यात को भी नई गति मिलेगी। मांग एवं उत्पादन बढ़ने से जीडीपी में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। वैश्विक स्तर पर भारत की ईज आफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग भी सुधरेगी। जीएसटी के दो स्लैब बनने से इसके कार्यान्वयन और लेखांकन की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। केंद्र सरकार जीएसटी में बदलाव से साथ-साथ इनकम टैक्स को भी आसान और राहतकारी बनाने के लिए तेजी से आगे बढ़ी है। इनकम टैक्स बिल, 2025 राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद अब कानून बन गया है।

# जीवन संगीत के सुरीले गायक डॉ. मिश्र

**डॉ. लोकेश शर्मा**

मानस मर्मज्ञ डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र की आज जयंती है। उनका जन्म 12 सितंबर 1898 को हुआ था। हमारे राजनांदगांव को हिंदी साहित्य में स्थान दिलाने वाले मिश्र जी बीसवीं सदी के महत्वपूर्ण साहित्यकार थे। आज हम उनके समृद्ध रचना संसार से जिस कृति की चर्चा करेंगे उसका शीर्षक है,`जीवन संगीत'। इस कृति के महत्व को रेखांकित करते हुए मूर्धन्य साहित्यकार डॉ.रामकुमार वर्मा ने जो कहा है वह मिश्र जी के प्रतिष्ठित साहित्यकार होने का एक तरह से प्रमाण ही माना जाएगा। उन्होंने जीवन संगीत को लेकर कहा कि, ॐहिंदी साहित्य के भक्ति काल में कविता और दर्शन का अत्यंत स्वाभाविक समुच्चय हुआ था। राम साहित्य में रामानुज के विशिष्टाद्वैत और कृष्ण साहित्य में विष्णु स्वामी के शुद्धाद्वैत का अपूर्व समावेश हुआ था।...मिश्र जी ने इस जीवन संगीत में कविता के साथ दर्शन का जो समन्वय किया है वह भाव की दृष्टि से जितना ही आत्मविभोर करता है उतना ही दर्शन की दृष्टि से आत्मजागृति में सहायक है। नि:संदेह मिश्र जी की इस कृति में दर्शन का निरूपण बहुत सरलता से हुआ है। दर्शन की गूढ़ता को मिश्र जी ने अपने दार्शनिक दृष्टिकोण से अत्यधिक सरल बना दिया है।



जिससे यह हर वर्ग के पाठकों के लिए स्वीकार्य हो जाता है। निम्न पंक्तियों में दर्शन की जटिलता को डॉ. मिश्र ने बड़ी सरलता से प्रस्तुत किया है। देखिए -

*झूठा होकर भी सच्चा,*
*अद्भुत है इसकी रेखा;*
*जीवन की तह को किसने,*
*शब्दों में धंस कर देखा ?*
*जड़ चेतन का आलिंगन*
*जीवन बन कर है छाया;*
*जागरण महानिद्रा का*
*वह लक्ष्य की काया।*

उपर्युक्त पंक्तियों में जीवन का दार्शनिक पक्ष बड़ी सरलता से अभिव्यंजित हुआ है। दर्शन को समझना प्रत्येक के लिए संभव नहीं है। सामान्य बौद्धिक स्तर के पाठकों का ध्यान रखते हुए मिश्र जी ने अपनी कृति में जीवन के साथ-साथ दर्शन के विविध पक्षों को सहजता और सरलता से प्रस्तुत किया है। जीवन की गहनता में भी आनंद और उमंग की किरणें किस तरह प्राप्त की जा सकती हैं,वह 'जीवन संगीत' बताता है। डॉ .मिश्र ने स्वयं कहा है,'आंसू के छंदों में उल्लास का संदेश देने वाला है यह मुक्तक संग्रह यानी जीवन संगीत।'

डॉ मिश्र की यह कृति मुक्तक रूप में है। इसमें उन्होंने अपने जीवन को ही वर्ण्य विषय बनाया है। इस कृति के प्रत्येक मुक्तक में जीवन के स्वर हैं। जीवन के इन स्वरों में सुख-दुख, हर्ष- विषाद, अनुकूलता-प्रतिकूलता और आशा- निराशा से निकलने का संदेश है। प्रत्येक मनुष्य के लिए यह स्वर सुनने योग्य है। इन स्वरों को सुनकर व्यक्ति अपने जीवन के सुर को संवार सकता है। डॉ. मिश्र की यह कृति अपने नाम के अनुरूप जीवन का संगीत सुर,ताल और लय के साथ प्रस्तुत करती है। देखिए -

*गायक अनंत सागर की*
*गाओ वह अमर कहानी;*
*सुनकर बुदबुद भी जाने*
*उसमें है कितना पानी।*
*दो चार बुलबुले देखे,*
*उसको ही सागर जाना;*
*जीवन की व्यापकता को*
*किसने कब है पहिचाना?*

डॉ.मिश्र की काव्य यात्रा के विकास में सन 1940 में प्रकाशित जीवन संगीत का महत्वपूर्ण स्थान है। यह कृति एफ.ए.में पाठ्य रही है। उनकी यह कृति बहुप्रशंसित रही है। इस रचना के माध्यम से उनके जीवन दर्शन को जानने में सहायता मिलती है। उनका प्रगाढ़ भाव बोध भी इस रचना की अनन्य विशेषता है।यह कृति पठनीय और संग्रहणीय दोनों ही है।यदि आप 'जीवन संगीत' को पढ़ना चाहते हैं तो आप मिश्र जी के सुपौत्र प्रदीप मिश्रा (निवास - महारानी स्कूल के सामने) से संपर्क कर सकते हैं। जिन्होंने मिश्र जी की विरासत को पर्याप्त सम्मान और संरक्षण दिया है।

**गायत्री नगर, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**मो. 9691562738**

## विचार सरिता

# जीवन सूत्र: संदर्भ नये: दुष्टों की चेष्टाएँ आपकी कड़ी परीक्षा के अवसर होते हैं

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में लिखा है-
भलो भलाइ हि पै लहइ
लहइ निचाइहि नीच ।
सुधा सराहिअ अमरतां
गरल सराहिअ मीचु (बालकांड दोहा 05)

इसका अर्थ है, भला व्यक्ति भलाई ही ग्रहण करता है और नीच, नीचता को ही ग्रहण करता है। अमृत की प्रशंसा अमर करने और विष की प्रशंसा मारने में है।

वास्तव में व्यक्ति अपने स्वभाव के अनुरूप कार्य करता है। एक अच्छा व्यक्ति पूरी दुनिया में अच्छाई ढूंढता है और अपने संपर्क में आने वाले सभी लोगों का भला करने का प्रयत्न करता है। उसका दृष्टिकोण सकारात्मक होता है। वह अपने मन में आनंदित रहता है। वह अच्छाई और बुराई दोनों से युक्त सांसारिक लोगों से केवल अच्छाई को ग्रहण करता है। दूसरों की मदद कर उसे ऐसा लगता है, जैसे उसने ईश्वर का कार्य किया है।

बुरा व्यक्ति बुराई को ढूंढता है। वह बुरे लोगों का साथ पसंद करता है। वह अकारण लोगों का अहित करता है। लोगों को हानि पहुंचाने में उसे आनंद आता है। ऐसा व्यक्ति सज्जनों को देखकर भी अच्छा कार्य करने को प्रेरित नहीं होता, बल्कि उनसे ईर्ष्या करता है। तुलसी ने ऐसे व्यक्ति का इसलिए स्मरण किया है, कि ये बुराइयों का प्रदर्शन कर सज्जन को ऐसी बुराई से बचने की प्रेरणा देते हैं। दुष्टों की चेष्टाएं सज्जनों की परीक्षा के अवसर होते हैं और ये सज्जनों में दृढ़ता का विकास करते हैं। ऐसे दुष्टों के कारण पीड़ा का अनुभव नहीं करना है, लेकिन अगर दुष्ट हद पार करने लगे तो उसे आत्मरक्षार्थ सबक सिखाना भी सज्जनता ही है।

## सामयिक चर्चा

### एक है, तो दूसरा नहीं

आज खबर पढ़कर
अपने आप व्यंग्य से हॅसकर
बानी बोले - ''गजाधर!
वर्षो पहले हमें पत्र-पत्रिकाओं में दिखाया
सुप्रसिद्ध हास्य व्यंग्यकार
शरद जोशी जी ने लिखा था
नल है पर पानी नहीं
कुर्सी है पर साहब नहीं
आफिस है पर बाबू नहीं
बाबू है पर ईमानदारी नहीं
नेता है पर अब वो 'बात नहीं'
पत्नी है पर पति का अब वो साथ नहीं।
गजाधर! इसी तरह बढ़ाते जाइए
और कविता में
व्यंग्य का मजा लाते जाइए!''
गजाधर मुस्कराए बोले -
''ठीक कहते हो बानी!
तुम्हारा कहना है सही
आज शरद जोशी जी रहते
तो बड़ा आश्चर्य करते
और लिखते यही -
पीएमश्री इंग्लिश मीडियम स्कूल है
पर अंग्रेजी के शिक्षक ही नहीं।''



गिरीश बख्शी

## लघुकथा

### असल श्राद्ध

प्रतिवर्षानुसार पितृपक्ष में अपने दिवंगत पुरखा की आत्मा की शांति हेतु पूजा-पाठ की सामग्री खरीदने के लिए प्रदीप भोले बाजार गए हुए थे। दुकान में ऐसी भीड़ जुटी हुई थी मानों मुफ्त में सामाग्रियां बंट रही हों। भीड़ कम होने की प्रतीक्षा में भोले जी दुकान के बाहर रखी बेंच पर जाकर बैठ गए।

तभी दुकान के सामने बैठी दो भिखारिनों की चर्चा की ओर उनका ध्यान गया। एक भिखारिन अपने बीमार पति की बिगड़ती दशा पर चिंतित कह रही थी-आज कुछ अधिक पैसे मिल जाएंगे तो उनके लिए कुछ फल लेते हुए जाऊंगी। रोज कहते हैं फल लेकर आना।

इस पर दूसरी भिखारिन बोली-जानती तो हो तीन वर्ष पूर्व एक बेटी को जन्म देने के बाद ही मेरी बेटी की मौत हो गई थी। तब से बिन मां की बेटी अपनी नातिन को कलेजे के टुकड़े की तरह पाल रही हूं। कल उसका जन्मदिन है, कुछ रूपए मिल जाएं तो नातिन के लिए एक अच्छी फ्राक खरीद लूंगी।



उन दोनों की बातें सुनकर प्रदीप भोले एक नये संकल्प के साथ उठ खड़े हुए। हाथ में पकड़े पूजा सामग्रियों की पर्ची को उन्होंने फाड़कर फेंक दिया। भिखारिनों के करीब गए और बटुए में रखे रुपयों को उनके हाथ में देते हुए आगे बढ़ गए। मन में लिए संकल्प को वे बुदबुदा रहे थे- निर्धन और असहायों की मदद करना ही मृतक पुरखों के प्रति सच्ची श्रद्धा होगी। ऊं शांति।

**विजय मिश्रा 'अमित'**
**पूर्व महाप्रबंधक (जन.) अग्रोहा कालोनी,**
**पोआ - सुंदर नगर रायपुर (छ.ग.) 492013**
**मो.9893123310**

# विचारणीय-03 : शिक्षा सेवा की दरकार

**युगल किशोर तिवारी**



देश में हर प्रकार की सेवा की लिए अखिल भारतीय स्तर पर प्रतियोगी / चयन परीक्षाक प्रशासनिक वन, राजस्य पुलिस, रेल्वे आदि। केवल शिक्षा सेवा के लिए कोई प्रतियोगी परीक्षा नहीं होती है माना शिक्षा राज्य का विषय है, क्या इसीलिए शिक्षा की उपेक्षा जारी है? शिक्षा में भी अखिल भारतीय स्तर पर भिन्न भिन्न सेवाओं के लिए नियुक्तिमा होती रहती है। उनकी नियुक्तिया कंवल वरिष्ठता के आधार पर ही क्यों होती है? उनकी प्रशासनिक दक्षता चयन क्यों नहीं होता?

शिक्षा सेवा में भी बड़े बड़े पदों पर भी तो राष्टीय स्तर पर भी नियुक्तिया होती है। क्यों ही आई ए एत्त अफसर विभाग प्रमुख हो हर जगह? क्या वे सचमुब शिक्षा शास्त्री भी हो सकते है?

मप्र शासन ने 80 के दशक में सिद्धांततः निर्णय लिया था कि उर्जा / विद्युत विभाग का प्रमुख कोई इन्जिनियर ही होगा। क्योंकि, विद्युत कटौती का यह आलम था कि. आए दिन बिजली गोल हो जाती थी और विभाग प्रमुख, आई ए एस ऑफिसर देखते रह जाते। तकनीकि ज्ञान भी जरूरी होता है। इसी प्रकार शिक्षा की बारीकि क्या हर आई ए एस अधिकारी समझ सकता है? जो शिक्षा विभाग में लम्बे अनुभव से ही आता है ।

अधिकाश आई ए एस अफिसर शिक्षा विभाग में आकर स्वयं को शिक्षाविद भी समझाने लगते है। एक बार ऐसा ही हुआ। हम लोग आंध्र प्रदेश प्रवास पर वहाँ की शिक्षा व्यवस्था का अध्ययन करने गए थे। कार्यकम के अन्त में शिक्षा सचिव से भी मुलाकात हुई। उन्होंने अपने व्यक्तव्य की शुरूआत इन शब्दों से की हालांकि, मैं शिक्षा विभाग से नहीं हू कार्यक्रम के अंत में एक प्रतिभागी जो दिल्ली डाईट से थे, ने कहा- ''हालांकि आप शिक्षा विभाग से नहीं है लेकिन, शिक्षा की इतनी समझ हैरान करने वाली है'' उनका करारा व्यंग था। वेतन तो शिक्षा विभाग से लेगे लेकिन स्वयं को शिक्षा विभाग का कर्मचारी नही मानेंगें? और, आई ए एस अफसर का गुमान भी ? है न हैरानी वाली बात? कब तक ऐसा चलता रहेंगा?



शिक्षा केवल प्रशासन ही नहीं है. अकादमिक कार्य है, फिर शिक्षा सेवा की आवश्यकता अब तक क्यों नहीं महसूस की गई? हम लोग एन सी ई आर टी नई दिल्ली के महिला अध्ययन विभाग में एक माह के उन्मुखीकरण कार्यक्रम में गए थे। वहाँ के तत्कालीन सचालक के दर्शन को तरस गए। यदि सक्षम व्यक्ति होता तो कम से कम एक माह के पाठ्यक्रम में एक कालखण्ड के लिए तो समय निकालते? माना कि वे देश भर के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान के संचालक थे, किन्तु क्या पूरे माह में समय निकालना मुश्किल था? देश भर में शैक्षिक सेवा क्षेत्र का निरंतर विस्तार होता जा रहा है। किन्तु पृथक शिक्षा सेवा के अभाव में प्रशासनिक अधिकारी से ही काम चलाते है और किसी भी आई ए एस अथवा आई एफ एस से ही काम चलाते है, जो शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपना प्रशासनिक दृष्टिकोण थोपते रहते है और खामियाजा पूरा देश भुगतता रहता है।

एक बार मैंने तत्कालीन संचालक को जिले में प्राथमिक शिक्षकों द्वारा सम्पन्न क्रियात्मक शोध, नवाचार, की प्रतिया जमा किया। वह अनूठा प्रयास था। राज्य में पहली बार हुआ था। उन्होने देखते ही कहा - ''आवक शाखा में जमा कर दें।'' इतना महत्वपूर्ण नवाचार एक वन अधिकारी के समझ के बाहर था। प्रतिफल पूरा राज्य एक महत्वपूर्ण नवाचार से वंचित रह गया।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में ''शिक्षा योजना एव प्रबंध'' शाखा तो परिकल्पित की गई है किन्तु, व्यावहारिक घरातल पर कहीं सक्रिय नही है। फलतः देश भर की शासकीय शालाये लचर प्रशासनिक व्यवस्था के संचालित होती है। वांछित जानकारी/दक्षता के अभाव में संस्था प्रधान जैसे तैसे काम चलाते है। संस्था की बेहतरी, सुधार प्रतिक्षित ही रह जाता है।

इस देश में अब तक शिक्षा सेवा की आवश्यकता महसूस ही नहीं हो पाई है और? कब तक कियान्वित की जा सकेगी? अब तक राष्ट्रीय स्तर पर ''शिक्षा सेवा'' का गठन नहीं हो पाया है। और अब तक इसकी आवश्यकता भी महसूस नही किया जा सका है? जिसका खामियाजा एक साधारण से शा स्कूल से लेकर कालेज और वि वि तक को भी किसी सक्षम अधिकारी से वंचित होने के साथ ही शिक्षा में गुणवत्ता के मामले में भुगतना पड़ रहा है। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी और सभी उच्च पदों पर पदाकन होता रहता है किन्तु, बिना किसी प्रशासनिक/प्रबंधकीय दक्षता के बस काम जलाउ/सिफारिश आदि चलता रहता है और विशेष कृपा पात्र लाभ उठाते रहते हैं और पूरा देश सक्षम शिक्षा प्रशासक से वंचित, शिक्षा में गणवत्ता का शिकार भुगतता रहता है।

**मोबाईल 8827292489**

## (पितर पाख के कविता)

# ।। पितर देवता ।।



संगी-सजन, सुजानिक बर हवय नेवता,
पिरथी तीर आए हे हमर पितर देवता।
मानव-गोनव पितर ल करो श्राद्ध-तर्पण,
जइसे वोह खाही-पीही करव सब अर्पन।
पितर देवता परसंन हो के
दीही आसीस,
बाढ़ ही धन-वैभव
खुशहाली चहुं दिस।
भरे रही सबरदिन घर में सुख-संपता।।
पिरथी तीर आए हे.........
पितर देवता के, अपन ले रहिथे आस,
श्राद्ध तर्पण के रथे पक्का विश्वास।
जेखर सेती वो तीर म रथे तिरयाय ,
अपन नता-गोता के नजदीक रथे आय।
कौआ ह नरिया के, एला देते बता।।
पिरथी तीर आए हे.............
निधन के तिथि म, पितर देवता मानव
लइका मन ल पहिली त
पंचमी में अलप काल वाले के जानव
नम्मी तिथि में महतारी मन ल पूजव,
हूम-धूप देवव, बरा-सोंहारी चढ़ावव।
प्रसन्न होथे पितर, कोई ल न देवय सता ।।
पिरथी तीर आए हे...............
सनातन धरम में पितर, देवता बरोबर,
''पहुना'' बन आथे, पितर लोक ले,
हमरे कर।
कुंआर मास म, पिरथी में रहिथे पंदरही
तरिया-नंदिया में पानी, देवव पसर-पसर।
फल मिलथे तर्पन ले जस,
सत्यनारायण कथा।।
पिरथी तीर आए हे पितर देवता।।



पवन यादव 'पहुना'
ग्राम- सुंदरा-राजनांदगांव

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए रोज की अपेक्षा बेहतर रहने वाला है। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगें और व्यवसाय संबंधी नई जानकारियां भी मिलेगीं। आज आपके सम्पत्ति को लेकर चल रहे मामलें में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आयेंगें। इस राशि के सरकारी सेवारत व्यक्तियों को कोई नया कार्यभार संभालना पड़ सकता है। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए अच्छा बना रहेगा। आज काम के सिलसिले में आपको दूसरे शहर जाना पड़ सकता है। आज आप अपनी जरुरी चीजों को खुद ही संभाल कर रखें, जिससे जरुरत के समय आपको किसी से मांगना न पड़े। आज आप किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं...काम करने में आसानी होगी। इस राशि के छात्र आज मन लगाकर पढाई करेंगें।

**मिथुन** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप ऑफिस में सहकर्मियों के साथ किसी नए प्रोजेक्ट को लेकर डिस्कशन कर सकतें हैं , जिससे आपकी कम्पनी को बड़ा लाभ होगा। आज आपका परिवार जनों के साथ मनोरंजन में अच्छा समय बीतेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स आज किसी खेल -कूद से जुड़ी प्रतियोगिता में भाग ले सकतें हैं, जिसमें आप अच्छा प्रदर्शन करेंगें।

**कर्क** — आज दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपकी कारोबारी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी और आपको पुराने क्लाइंट से दुगुना धन लाभ होगा। आज दिन की शुरुआत में कोई उलझन रह सकती है, लेकिन परिवार की मदद से सब सुलझ जायेगा। आज इस राशि की महिलाएं किट्टी पार्टी इंजॉय करेंगी और किसी काम की शुरुआत को लेकर बातें होगीं।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहेगा। आज आपको मेहनत का पूरा फल प्राप्त होगा और आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज ऑफिस में आपके ड्रेसिंग सेन्स की तारीफ होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा। आज आपको अपनी पढ़ाई और करियर के प्रति ज्यादा मेहनत की जरूरत है। आज कोई भी खास वस्तु की खरीदारी करते समय उससे संबंधित जानकारी अवश्य लें।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप किसी भी काम को करने से पहले उसकी पूरी रणनीति तैयार कर लें, जिससे बाद में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। आज आपको नए लोगों से जुड़ने का मौका मिलेगा और कई बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगें।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए मिला- जुला रहने वाला है। आज आप अपनी मेहनत और लगन से किसी काम को जल्द ही पूरा कर लेंगें, आने वाले समय में आपको बड़ा धन लाभ होगा। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा, बच्चों के साथ आप कहीं घूमने जा सकतें हैं। इस राशि के सामाजिक कार्यो में कार्यरत व्यक्ति आज जरुरतमंदों की मदद करके पूण्य कमायेंगें।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहने वाला है। आज आप बिजनेस को लेकर ऑफिस में स्टाफ के साथ मीटिंग कर सकते हैं और काम की क्वालिटी को बेहतर बनाने में ध्यान देंगें। आज आप सेमिनार अटेंड कर सकतें हैं , जहाँ आपको मार्केटिंग से जुड़ी जानकारियां मिलेंगी। आज परिवार के लिए भी कुछ समय निकालना आपसी रिश्तों को मधुर बनाएगा और परिवार में खुशहाली भरा वातावरण रहेगा।

**धनु** — आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके अधिकतर कार्य सम्पन्न हो जायेंगें और आप आगे के लिए नए टारगेट सेट करेंगें। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा, बच्चे भी आज पढ़ाई के साथ -साथ खेल कूद में इंजॉय करेंगें। आज आप नेगटिव बातें करने वाले व्यक्तियों से दूरी बनाकर रखें और खुद का कॉन्फिडेंस कम न होने दें।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा और नए क्लाइंट से जुड़ने का मौका मिलेगा। आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने की सम्भावना बन रही हैं , बॉस आपके काम से खुश नजर आयेंगें। आज आई . टी . कम्पनी से जुड़कर आपको काम करने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे आप अपने करियर में तरक्की कर पायेंगें।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप दिन की शुरुआत किसी जरूरतमंद की मदद करके करेंगें, जिससे पूरा दिन आप अच्छा महसूस करेंगें। आज कार्यस्थल पर चल रही किसी भी गतिविधि को नजर अंदाज ना करें और अपनी योजनाओं को गुप्त ही रखें। आज ऑफिस का माहौल शांति से भरा रहेगा, जिससे आपको काम करने में कोई समस्या नहीं होगी।

**मीन** — आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आपकी विदेश जाने की इच्छा जल्द पूरी होने वाली है, जहां आप अपनी पढ़ाई कम्पलीट करेंगें। आज आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग या मूवी देखने की प्लानिंग कर सकते हैं। आज स्वास्थ्य के लिहाज से आपका दिन ठीक रहेगा, लेकिन थोड़ा -सा आपको अपने खान ड्डपान पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# आर्थिक लाभ के लिए कांग्रेस नेताओं का सहयोग लेना भारी पड़ा जनपद के निर्वाचित पदाधिकारियों को

### आपसी तालमेल नहीं होने पर,जनपद परिसर में ही भिड़े भाजपा के जनपद सदस्य, हुआ जमकर विवाद

### मामला - अनुभव की कमी और आर्थिक लाभ को प्राथमिकता देने में उलझे भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधियों का

डोंगरगढ़ (दावा)। इन दिनों जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत निवासरत ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा प्रदान करने के स्थान पर भाजपा के पदाधिकारी व सदस्य स्वयं के लिए आर्थिक लाभ प्राप्त करने की दिशा में प्रयासरत दिखलाई पड़ रहे है। पर्याप्त राजनीतिक अनुभव की कमी के चलते उन्हें कांग्रेस के जनपद सदस्यों व वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन व सहयोग लेना पड़ रहा है।

सर्वविदित है कि,शपथ ग्रहण के तत्काल बाद जनपद के प्रमुख पदाधिकारी के द्वारा अपने परिवार के सदस्य, कांग्रेस नेता भाई के माध्यम से स्वच्छता सामग्री की सप्लाई कर भरपूर आर्थिक लाभ कमाना चाहा था,किंतु सजग पंचायत प्रतिनिधियों की जागरूकता के चलते आर्थिक लाभ के स्थान पर उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। जिसका विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है।

स्वच्छता सामग्री सप्लाई मामले के बाद अवैध रूप से राशन कार्ड बनाने, सचिवों के स्थानांतरण सहित अन्य आर्थिक लाभ वाले मुद्दे पर प्रमुख पदाधिकारियों और सत्ताधारी दल के सदस्यों के मध्य आए दिन वाद-विवाद होता रहता है। उनके मध्य एक राय नहीं होने के चलते ही बुधवार को सत्ताधारी जनपद सदस्यों और जनपद के प्रमुख पदाधिकारियों के मध्य भारी वाद-विवाद की स्थिति निर्मित होने का खुलासा होते ही, यह घटना क्षेत्र में चारों ओर चर्चा का विषय बनी हुई है। दूसरी ओर कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधि अपने राजनीतिक अनुभव का लाभ उठाते हुए भरपूर आर्थिक लाभ प्राप्त करने में सफल हो रहे हैं। दोनों ही ओर से आम जनता को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### कांग्रेस के दबंग राजनेताओं की निगाह जनपद में टिकी

जनपद के निर्वाचित अधिकांश जनपद सदस्य जो वर्तमान में सत्ताधारी दल के साथ नजर तो आ रहे हैं लेकिन उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि देखे तो वे कांग्रेस विचारधारा से जुड़े हुए लग रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस के अनेक जनपद सदस्य को अपने राजनीतिक अनुभव का लाभ मिल रहा है।ओर वे अपने अनुभव का लाभ भाजपा का समर्थन करने वाले अन्य निर्वाचित जनपद सदस्यों को प्रदान कर प्रभावित कर रहे है। जानकार राजनीतिज्ञों का मानना है कि,जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में कांग्रेस के अनेक दबंग नेता राजनीतिक लाभ लेने से नहीं चूकेंगे।

### जिला पंचायत सदस्यों का अनावश्यक हस्तक्षेप आर्थिक लाभ के लिए

केंद्र सरकार द्वारा जारी की जाने वाली 15 वें व 16 वें वित्त की राशि जिला पंचायत के स्थान पर सीधे पंचायत में देने के प्रावधान के चलते क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्यों द्वारा आर्थिक लाभ के लिए जनपद क्षेत्र में भारी उठा पटक किया जा रहा है। जनपद पंचायत में सत्ता रूढ़ दल के पदाधिकारी व जनपद सदस्यों के मध्य आपकी तालमेल व राजनीतिक अनुभव की कमी का




फायदा जिला पंचायत सदस्यों द्वारा उठाया जा रहा है। आर्थिक लाभ के लिए जिला पंचायत सदस्य द्वारा स्वयं की उपस्थिति में ग्राम सभा के माध्यम से एक महिला सचिव पर दबाव बनाने की कोशिश से भी परहेज नहीं किया गया। इतना ही नहीं सचिव संघ के प्रमुख पदाधिकारी से कहा जाता है कि मैनेज करो अन्यथा ट्रांसफर कर दिया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में हस्तक्षेप करते हुए एक विभाग के प्रमुख अधिकारी पर आर्थिक लाभ के लिए दबाव बनाया जाता है।मना करने पर उन्हें हर स्तर पर परेशान करने की कोशिश की जा रही है। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### भाजपा नेताओं का ध्यान मात्र नगर पालिका तक सीमित

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही आर्थिक लाभ का गढ़ माने जाने वाले नगर पालिका में वर्चस्व बनाए रखने की होड़ में भाजपा के प्रदेश स्तर के अनेक नेताओं में आए दिन राजनीतिक जंग देखने को मिलते रहती है। डोंगरगढ़ में कांग्रेस की विधायक होने के कारण प्रोटोकॉल का लाभ विधायक को मिलता है। भाजपा के नेता इससे वंचित है। यही कारण है कि, विभिन्न गुटों में बटी भाजपा के नेता एक दूसरे को पछाड़कर आगे बढ़ाने के प्रयास में लगे रहते हैं। वही कार्यकर्ताओं में देखा जा रहा है कि, वे एक दूसरे से आगे बढ़ने के स्थान पर सक्रिय रूप से कार्य करने वाले नेताओं को हतोत्साहित करने का एक भी मौका नहीं गंवाते। देखा जाए तो भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का ध्यान मात्र नगर पालिका तक ही सीमित रह गया है। जनपद में क्या हो रहा है ,क्या होना चाहिए इन सबसे भाजपा के नेताओं को कोई मतलब नहीं है। कुल मिलाकर भाजपा के नेता शहर भाजपा संगठन तक ही सीमित रह गए हैं। जिसके चलते ग्रामीण भाजपा संगठन सहित ग्रामीण क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की पूछ - परख लगभग खत्म हो चुकी है।

### विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने पर कांग्रेस को मजबूती मिली, सांसद प्रतिनिधि का भाजपा को इंतजार

डोंगरगढ़ जनपद क्षेत्र दो विधानसभा के अंतर्गत आता है। दोनों ही विधानसभा में कांग्रेस के विधायक होने के बावजूद गुटीय लड़ाई के चलते कांग्रेस को जनपद की सत्ता हासिल नहीं हो पाई थी। किंतु कांग्रेस पक्ष के अधिकांश जनपद सदस्य वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन व अपने अनुभव से कांग्रेस की स्थिति को मजबूत बनाएं हुए हैं। डोंगरगांव विधानसभा के कांग्रेसी विधायक दलेश्वर साहू द्वारा पूर्व जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त कर कांग्रेस को मजबूती प्रदान की है। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेसी विधायक श्रीमति हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा अभी अपना प्रतिनिधि नियुक्त नहीं किया गया है,प्रतिनिधि नियुक्त होते ही जनपद में कांग्रेस और मजबूत होगी। वही भाजपा की ओर से सभी को सांसद प्रतिनिधि का इंतजार है।

### सांसद प्रतिनिधि नियुक्त होने से भाजपा का पक्ष मजबूत हो सकता है जनपद में

डोंगरगढ़ व डोंगरगांव विधान सभा क्षेत्र में भाजपा का विधायक नहीं होने के कारण सांसद संतोष पांडे और प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती के कंधों पर संगठन की मजबूती के अलावा आम जनता को प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की जिम्मेदारी आ गई है। आर्थिक गढ़ की पहचान के रूप में प्रदेश में स्थापित हो चुके नगर पालिका में सांसद संतोष पांडे द्वारा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तरुण हथेल को अपना प्रतिनिधि नियुक्त कर पहले से ही मजबूत भाजपा को और मजबूती प्रदान करने का प्रयास किया गया है। वही दूसरी ओर शपथ ग्रहण के 6 माह बाद भी भाजपा की ओर से सांसद संतोष पांडे द्वारा जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में अपना प्रतिनिधि नियुक्त नहीं करने से राजनीतिक अनुभव की कमी के चलते जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के भाजपा से जुड़े पदाधिकारियों और जनपद सदस्यों को कांग्रेस के वरिष्ठ जनपद सदस्यों व वरिष्ठ नेताओं का सहारा लेना पड़ रहा है।अब देखना है कि, सांसद संतोष पांडे राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के मध्य किस अनुभव शाली भाजपा नेता को जनपद की कमांड सौंपते है।इस दिशा में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्यों द्वारा अपने करीबियों का नाम आगे बढ़ाकर जनपद में अपना वर्चस्व कायम करने की कोशिश की जा रही है। राजनीतिक वजूद और सांसद संतोष पांडे के करीबी होने के चलते वे सफल होते दिख रहे हैं।

## पहला कॉलम...

### वार्ड की राशि वार्ड में ही उपयोग की जाए-पुरुषोत्तम

डोंगरगांव (दावा)। नगर पंचायत क्षेत्र के मटियावार्ड 14 के पार्षद



पुरूषोत्तम साहू ने वार्ड की राशि को वार्ड में ही खर्च करने की मांग की है. बता दें कि नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मटिया वार्ड में जब एडीबी के द्वारा सडक़ निर्माण किया गया, तब वार्ड में बने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रवेश द्वार और पार्षद निधि से बने बाथरूम को तोड़ दिया गया था. इस वार्ड पार्षद पुरुषोत्तम साहू सहित वार्ड के गणमान्य नागरिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी को सीएमओ विनम्र जेमा की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि वार्ड की राशि का उपयोग वार्ड में ही किया जाए. उन्होंने बताया कि रोड निर्माण के समय तोड़े गए प्रवेश द्वारा बाथरूम की राशि नगर पंचायत डोंगरगांव में जमा है और इस राशि का उपयोग पुनः नगर प्रवेश द्वार और शौचालय बनाकर किया जाए, इसके लिए वार्डवासियों के द्वारा मांग की गई है.

### आज नेहरू महाविद्यालय में होगा रजत जयंती समारोह

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर आज



महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। यहां आयोजन एलूमनी एसोसिएशन शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ द्वारा किया जा रहा है। एलूमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष व नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष दविंदर सिंह पिंटू,सचिव विपुल अग्रवाल, सह सचिव सुश्री उषा किरण शाह, कोषाध्यक्ष रोहित वाल्दे सहित आयोजन समिति द्वारा सभी भूतपूर्व छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने कहा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ पुराने महाविद्यालय भवन (डोंगरगढ़-चिचोला मार्ग) में दोपहर 12 बजे किया जाना है।

### केसीजी पुलिस की नशे के खिलाफ मुहिम : 100 लोगों की थाने में परेड



खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) जिला पुलिस ने नशे और नशेबाजों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत बुधवार 10 सितंबर को सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर घूमने, हल्ला-गुल्ला और हुड़दंग मचाने वाले लगभग 100 लोगों को खैरागढ़ थाने लाया गया। पुलिस ने इन सभी को कड़ी चेतावनी दी और नशे के दुष्प्रभावों पर निबंध लिखवाया ताकि उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा सके। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले 25 व्यक्तियों के खिलाफ भी कोटपा एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने आम नागरिकों से भी नशामुक्त शहर बनाने में सहयोग की अपील की है।

### एयरटेल की मनमानी से परेशान ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिलहरी में एयरटेल कंपनी द्वारा बिना ग्राम पंचायत के एनओसी लिए बगैर टावर स्थापित किए जाने पर बीते दिनों ग्रामवासियों द्वारा विरोध कर टावर निर्माण कार्य को रोका गया। कंपनी द्वारा जिलाधीश राजनांदगांव से एनओसी मिलने का धौंस ग्रामीणों को दिखाया जा रहा था। गुरुवार को क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव के नेतृत्व में ग्रामीणजनों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर टावर निर्माण पर रोक लगाने हेतु कलेक्टर नरेंद्र सिंह भूरे को ज्ञापन सौंपा।

## जनपद सभापति पर हुए हमले कि शिकायत पर थाना प्रभारी को हटाया गया

छुरिया (दावा)। महाराष्ट्र सीमा स्थित बागनदी थाना क्षेत्र में भाजपा समर्थक जनपद सभापति व सरपंच पर प्राणघातक हमला किए जाने की बात सामने आई थी। जिसके बाद आसपास के क्षेत्रों में व प्रदेश भर में कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा गर्म रहा। एक जनप्रतिनिधि पर असामाजिक तत्वों के द्वारा प्राणघातक हमला कानून व्यवस्था कि पोल खोलकर रख दी। इस मामले ने पुलिस प्रशासन पर सवालिया निशान लगा दिया जिसके चलते जिला मुख्यालय राजनांदगांव प्रवास पर रहे गृहमंत्री, विजय शर्मा एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से भाजपा नेताओं ने बागनदी थाना प्रभारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया था।




**जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा की शिकायत पर गृहमंत्री व पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने की कार्यवाही**

आपको बता दें 4 सितंबर दिन गुरुवार को छुरिया जनपद पंचायत सभापति पल्ली स्वामी नायडू व ग्राम सरपंच ने घटित घटना से पूर्व थाना बागनदी क्षेत्र में चल रहे सट्टा जुंआ, अवैध शराब बिक्री के कारोबार को लेकर थाना प्रभारी से शिकायत दर्ज कराई थी किंतु अवैध कारोबार पर थाना प्रभारी अंकुश लगाने में असफल नजर आए जिसके बाद ग्रामीणों के साथ सभापति व सरपंच ने जिला मुख्यालय पहुंच पुलिस अधीक्षक से थाना प्रभारी को हटाये जाने व अवैध कारोबारियों पर कार्यवाही कि मांग कि। ऐसे में माना जा सकता है अवैध कारोबारियों को उनकी शिकायत करना नागंवार गुजरा जिसके चलते कहा जा सकता है उनके बनाए गए अवैध कारोबार के साम्राज्य से पैदा हुए असामाजिक तत्व व्यक्तियों ने बेखौफ होकर कानून व्यवस्था कि धज्जियां उड़ाते हुए जनपद सभापति व सरपंच पत्नी पर रात के अंधेरे में प्राणघातक हमला करने कि योजना बनाई? जो नाकाम रही बताया गया सभापति के वाहन को तोड़फोड़ कर असामाजिक तत्वों ने अपना दमखम दिखाया जो स्थानीय पुलिस प्रशासन कि निष्क्रियता को दर्शाता है। वहीं घटित घटना को लेकर क्षेत्र वासियों में पुलिस प्रशासन पर सवालिया निशान लगा दिया वहीं जिसके चलते भाजपा समर्थक

जनपद पंचायत सभापति पर हुए हमले को लेकर 6 तारीख को प्रवास पर रहे गृहमंत्री से भाजपा नेताओं में चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, जिला उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कामता साहू, मंडल उपाध्यक्ष, मोनु गुप्ता ने कानून व्यवस्था बनाए रखने व राज्य सरकार कि छवि को धूमिल करने वालों पर कठोर कार्यवाही कि मांग कि जहां इस मामले को गृहमंत्री विजय शर्मा ने गंभीरता से लिया। जिसके चलते ही माना जा सकता है पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी विजय मिश्रा को बागनदी थाने से हटाकर कहीं अन्य थाने में भेजा गया। बहरहाल अब देखना होगा अवैध कारोबार में अंकुश लगाने व असमाजिक तत्वों पर नकेल कसने पुलिस प्रशासन क्या कार्यवाही करती है।

## रजत जयंती के अवसर पर कल डोंगरगाँव में विशाल मेगा शिविर

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर डोंगरगाँव में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इस शिविर में रोग विशेषज्ञों की टीम मरीजों का इलाज के साथ-साथ उचित परामर्श दिया जाएगा. इस संबंध में बीएमओ रागिनी चन्द्रे ने बताया कि शिविर का आयोजन 13 सितम्बर दिन शनिवार को मौसम और सुविधाओं को देखते हुए जैन भवन सदर लाइन में आयोजित किया गया है. जहाँ गैर संचारी रोग जांच एवं उपचार (ब्लड प्रेसर, सुगर, कैंसर), रक्तदान माह शिविर, चिकित्सा विशेषज्ञ के द्वारा जांच, चर्म रोग जांच एवं उपचार, दंत परीक्षण एवं उपचार, नेत्र परीक्षण एवं उपचार, सिकलिंग, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप जांच, नाक, कान एवं गला रोग जाँच, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, अस्थि रोग जांच एवं उपचार, क्षय रोग जांच एवं उपचार, मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति कॉउंसलिंग, आयुष्मान, वयवन्दन एवं सामान्य आयुष्मान कार्ड पंजीयन, वयोवृद्ध हेतु सेवाएं शामिल हैं. इसके साथ ही शिविर में जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाईयाँ व चश्मा का वितरण होगा. वहीं शिशिर में विशेषज्ञ चिकित्सकों में डॉ. बी.के.बेनर्जी(मनोरोग विशेषज्ञ), डॉ.अनिल महाकालकर (अस्थि रोग विशेषज्ञ), डॉ.बी.एल.तुलावी (नाक,गला व कान विशेषज्ञ), डॉ.खुमान सिंग मंडावी(मेडिसीन विशेषज्ञ), डॉ.भानुप्रिया चौधरी(नेत्र रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ.निधि गजभिये(स्त्री रोग विशेषज्ञ) उपस्थित रहेंगे. साथ ही बताया कि गंभीर मरीजों के जांच उपरांत उन्हें 17 तारीख को राजनांदगांव मेडिकल कालेज शिविर में जांच के लिए ले जाया जाएगा. श्रीमती चन्द्रे ने इस शिविर के लिए सभी समाज के वरिष्ठों से अधिक अधिक से संख्या में पहुंचकर लाभ लेने कहा है.

## प्रदेश उपाध्यक्ष भारती ने उत्कृष्ट गणेश झांकियों को किया पुरस्कृत

### प्रथम स्थान विनर क्लब भगत सिंह चौक को मिला 7100 रुपए का पुरस्कार

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ में गणेश विसर्जन झांकी समितियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती के हाथों पुरस्कृत किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में विनर क्लब भगत सिंह चौक ने 7,100 रुपये के नगद पुरस्कार के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर स्टार क्लब रहा। जिसे 5,100 रुपये मिले, जबकि तीसरा स्थान थाना चौक ने प्राप्त किया। जिसके लिए 3,100 रुपये का पुरस्कार



दिया गया। इसके अलावा, गरीबी रेखा को विशेष पुरस्कार के रूप में 1,500 रुपये प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में भाजपा के नेताओं ने विसर्जन शोभायात्रा के दौरान पोहा वितरित करने के लिए सरफराज नवाज की टीम को भी शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, महेंद्र भाई पटेल, महेंद्र अग्रवाल, मधु अग्रवाल, तुलसी मिश्रा, अमित जैन, महामंत्री विनय बंसल, विनीत यादव, लक्ष्मी यादव, शारदा यादव, शिवांगी साखरे, श्याम तिवारी, आकाश राजपूत, कैलाश सोनवानी, बबीता मलागर, रेखा राघ्रोत्रे और ओम प्रकाश साखरे सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## रजत जयंती पर एनसीसी एवं एनएसएस द्वारा भव्य रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया




डोंगरगढ़ (दावा)। छग शासन के आदेशानुसार एवं प्राचार्य के मार्गदर्शन में राज्य के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा 11 सितंबर को एक भव्य रैली का आयोजन किया गया।

यह रैली महाविद्यालय के पुराने भवन से प्रारंभ होकर भगत सिंह चौक, गोल बाजार, महावीर पारा होते हुए छोटी बमलेश्वरी मंदिर प्रांगण तक पहुंची। यहां एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने तीन अलग-अलग नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया। इन नाटकों के माध्यम से छत्तीसगढ़ के भूत, वर्तमान एवं भविष्य की संपूर्ण झलक प्रस्तुत की गई। साथ ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति, खानपान और रहन-सहन को भी दर्शाया गया। जिसे देखकर उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। नुक्कड़ नाटक के पश्चात रैली पुनः छोटी बमलेश्वरी मंदिर से होते हुए महाविद्यालय के पुराने भवन की ओर रवाना हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापिका डॉ. आशा चौधरी, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एम.एल. नंदेश्वर, एनसीसी प्रभारी गुलशन सिन्हा, एनएसएस पुरुष अधिकारी एच.आर. पदमें एवं एनएसएस महिला अधिकारी श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## हथियार लहराने और गणेश विसर्जन में उपद्रव करने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। इनमें एक आरोपी चाकू लहराकर लोगों को डरा रहा था, जबकि छह अन्य गणेश विसर्जन के दौरान उपद्रव और अशांति फैला रहे थे।




### चाकू लहराने वाला युवक गिरफ्तार

पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक चाकू लेकर घूम रहा है और राहगीरों को डरा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर शुभम यादव (24) निवासी ठाकुरपारा खैरागढ़ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक स्टील का चाकू बरामद किया गया। वैध कागजात प्रस्तुत न कर पाने के कारण उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

वही रविवार 8 सितंबर को गणेश विसर्जन झांकी जुलूस के दौरान कुछ व्यक्तियों ने उपद्रव कर अशांति फैलाने की कोशिश की। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने बार-बार समझाइश दी, लेकिन उपद्रव जारी रहा। इसके बाद पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनमें लक्की यादव (19), निवासी ठाकुरपारा खैरागढ़, अजय यादव (24) निवासी अमलीपारा खैरागढ़, मनीष यादव (26) निवासी बरेठपारा खैरागढ़, गजेंद्र कुमार कश्यप (27) निवासी बालोदाबाजार, फनीस रजक (18) निवासी बरेठपारा खैरागढ़, गजेंद्र पटेल (20) निवासी ठाकुपारा खैरागढ़ को गिरफ्तार किया गया। इन सभी आरोपियों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर अनुविभागीय दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया।

## आंगनबाड़ी में पालक चौपाल का आयोजन



डोंगरगाँव (दावा)। ग्राम कोकपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 11 सितम्बर गुरुवार को साप्ताहिक पालक चौपाल का आयोजन किया गया. यह चौपाल हर सप्ताह की तरह इस बार भी बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ. इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों और आंगनबाड़ी के बीच नियमित संवाद स्थापित करना, बच्चों की शिक्षा, पोषण और सर्वांगीण विकास को और प्रभावी बनाना है. चौपाल में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही, जहाँ उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और बच्चों की देखभाल एवं शिक्षा को लेकर सुझाव तथा अपेक्षाएँ व्यक्त की गई. कार्यक्रम के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, समय पर टीकाकरण और प्रारंभिक शिक्षा की महत्ता पर विशेष चर्चा हुआ. आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ता द्रौपदी यादव, चैती चौरे और ममता चौरे सहित सहायिका बिंदा साहू की उपस्थिति रही और उन्होंने अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई और दिनचर्या पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया और साथ ही पोषण आहार से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी भी दी. पालक चौपाल के इस संवादमूलक कार्यक्रम से अभिभावकों और शिक्षिकाओं के बीच आपसी समझ और सहयोग की नई दिशा बनी. ग्रामवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं.

# सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर उपस्थित थे। त्रिभुवन दुबे सेवानिवृत शिक्षक कन्हैया अग्रवाल सेवानिवृत प्रधान पाठक, सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, उपाध्यक्ष श्रीमती मीना गिरधर, सचिव नीलम चोपड़ा, कोषाध्यक्ष प्रकाश गिरधर, पूर्व अध्यक्ष प्रभाकर राव गिरधर, प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद आदि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया।

उपस्थित अतिथियों के द्वारा पूजा अर्चना से कार्यक्रम आरंभ हुआ अतिथि परिचय विद्यालय के प्रचार प्रकाश यादव ने करवाया। विद्यालय के भैया बहनों ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन से संबंधित गीत कहानी कविता आदि प्रस्तुत किये दुबे और अग्रवाल को उपहार द्वारा सम्मानित किया गया।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ के समस्त आचार्य दीदियों को उपहार द्वारा सम्मानित किया गया। अग्रवाल जी ने डॉ. राधाकृष्णन जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला एवं सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों का एवं सरस्वती शिशु मंदिर की भूरि भूरि प्रशंसा की। सुनील जैन ने शिक्षक दिवस की बधाई दिए एवं शिक्षकों का सदैव सम्मान करते रहने की बात कही आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव ने किया उन्होंने शिक्षक को राष्ट्र निर्माता बताया कार्यक्रम का सफल संचालन भैया ऋषभ वाल्दे ने किया और उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा विद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

**भैया बहनों ने डॉक्टर राधाकृष्णन से संबंधित गीत कहानी कविता आदि प्रस्तुत किये**

प्राचार्य प्रकाश यादव प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव, वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, बोधन भारद्वाज, विनोद ताम्रकार, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर उत्तम नागमोते ओम प्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, कीर्ति दफेदार, एस.राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीति वाला वैष्णव, अमिता जैन, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, निशा नागमोते, ममता सोनवानी हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले सहित अन्य उपस्थित रहे।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अत्याधुनिक जीएम इंटरकॉम एक्सचेंज का शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में दूरसंचार सुविधाओं को आधुनिक बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने बिलासपुर स्थित मुख्यालय में नए जीएम इंटरकॉम एक्सचेंज का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू, प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर जी.पी. खूंटे, मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। यह नया एक्सचेंज अत्याधुनिक एस्टरिस्क-आधारित आईपी टेलीकॉम एक्सचेंज है जो वॉइस ओवर आईपी प्रणाली पर काम करता है। यह सिस्टम ऑडियो और वीडियो कॉल, कॉन्फ्रेंसिंग, वन-टच डायलिंग, कॉल ट्रांसफर और फॉरवर्डिंग जैसी कई सुविधाएँ प्रदान करता है। वीडियो कॉल को बड़े डिस्प्ले यूनिट पर भी दिखाया जा सकता है। जिससे कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी और कुशल बनेगी। एस्टरिस्क प्रणाली ओपन-सोर्स है, जो इसे किसी भी हार्डवेयर के साथ संगत बनाता है, जिससे यह आर्थिक रूप से भी फायदेमंद है। महाप्रबंधक ने निर्देश दिए हैं कि इस सुविधा को जल्द ही रायपुर और नागपुर मंडल के साथ-साथ रेलवे आवासों में भी एकीकृत किया जाए, ताकि अधिक से अधिक कर्मचारियों और अधिकारियों को इसका लाभ मिल सके। यह कदम रेलवे की संचार व्यवस्था को और भी अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाएगा।



# राजनांदगांव क्रिकेट एकेडमी की रॉयल क्रिकेट एकेडमी भिलाई पर 10 विकेट से शानदार जीत



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव क्रिकेट एकेडमी ने अपने नए सेंटर, बजरंगपुर नवागांव में खेले गए 30-30 ओवर के एक मैत्री मैच में रॉयल क्रिकेट एकेडमी भिलाई को 10 विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का रॉयल क्रिकेट एकेडमी भिलाई का फैसला गलत साबित हुआ। उनकी टीम की शुरुआत बेहद खराब रही, जब ओपनर खिलेन्द्र बिना खाता खोले हर्ष उके की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद, कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका और पूरी टीम अतिरिक्त रनों (28) के साथ मिलकर सिर्फ 86 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

## राजनांदगांव की गेंदबाजी और फील्डिंग रही मजबूत

राजनांदगांव क्रिकेट एकेडमी की ओर से गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। हर्ष उके ने 3 विकेट, लक्की नोसरिया और धवल देवांगन ने 2-2 विकेट लिए। इनके अलावा, अभय बासफोर, राजवीर त्रिपाठी और महिला क्रिकेटर अनाया मंडावी ने भी 1-1 विकेट हासिल किया। टीम की फील्डिंग भी बेहद चुस्त थी। जिसमें कई बेहतरीन कैच पकड़े गए।

## लक्ष्य का पीछा आसानी से किया

87 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजनांदगांव की टीम ने बिना कोई विकेट खोए ही मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज विजेंद्र यादव (27 रन नाबाद) और कप्तान हित देवांगन (33 रन नाबाद) ने ठोस और मैच जिताऊ साझेदारी की। अतिरिक्त रनों से भी 27 रन प्राप्त हुए। मैच में अंपायर की भूमिका जी.ई. थामस ने निभाई। एकेडमी परिवार की तरफ से इस जीत पर सभी खिलाड़ियों को बधाई दी गई। आर.सी.ए. के प्रमुख कोच और महापौर प्रत्याशी संदीप शुक्ले ने इस मैच की पूरी जानकारी दी।

# एसटी, एससी, ओबीसी को आरक्षण लाभ दिलाने संगठित होंगे तीनों वर्ग - मदन साहू

डोंगरगांव (दावा)। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग संगठन के जिला अध्यक्ष मदन साहू ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि समाज के हक और अधिकार की रक्षा के लिए अब तीनों वर्ग एससी, एसटी और ओबीसी एकजुट होकर संघर्ष की राह पर उतरेंगे। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही आरक्षण का वास्तविक लाभ नहीं दिया, तो जन आंदोलन की व्यापक रूपरेखा तैयार की जाएगी।



श्री साहू ने कहा कि लंबे समय से सरकार केवल आश्वासन देती आई हैं, लेकिन हकीकत में समाज के युवाओं को उनका हक नहीं मिल रहा है। उन्होंने राज्य सरकार, केंद्र सरकार और विशेष रूप से राजग सरकार को चेतावनी दी कि ओबीसी वर्ग को सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित किया जाए। छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग आबादी का बड़ा हिस्सा होने के बावजूद आरक्षण का पूरा लाभ प्राप्त नहीं कर पा रहा है। एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के हजारों-लाखों युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। जबकि सरकार उनके लिए ठोस रोजगार व्यवस्था करने में विफल रही है। अब समाज चुप बैठने वाला नहीं है। शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय से जुड़ी उपेक्षा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि सरकार ने उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया, तो आने वाले समय में बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। यह आंदोलन केवल आरक्षण तक सीमित नहीं रहेगा। बल्कि सामाजिक समानता और न्याय की दिशा में भी निर्णायक साबित होगा। अब समय आ गया है कि तीनों वर्ग मिलकर अपनी ताकत का परिचय दें और हक-अधिकार के लिए संगठित होकर निर्णायक लड़ाई लड़ें।

## छुरिया विकासखंड के चार ग्रामों में निर्माण कार्यों के लिए मिली प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत छुरिया विकासखंड के चार ग्रामों में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 30 लाख 80 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम बागद्वार में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, ग्राम शिकारीटोला में वार्ड क्रमांक 1 में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम झिथराटोला में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 80 हजार रूपए एवं ग्राम रियाटोला में में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 80 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# गंभीर बीमारियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 17 सितंबर को

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा राजनांदगांव द्वारा 17 सितंबर को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में गंभीर बीमारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है।

शिविर में कार्डियोलॉजिस्ट (हृदय रोग विशेषज्ञ), पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट (बाल हृदय रोग विशेषज्ञ), गैस्ट्रोलॉजिस्ट (पाचन तंत्र का विशेषज्ञ), ऑन्कोलॉजी (कैंसर के अध्ययन, निदान, उपचार और रोकथाम से संबंधित), नेफ्रोलॉजिस्ट एण्ड सर्जरी (किडनी रोग से संबंधित), न्यूरो फिजिशियन एण्ड सर्जरी (मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी और तंत्रिकाओं से संबंधित), ऑर्थो फिजिशियन एण्ड सर्जरी (हड्डी रोग चिकित्सक और सर्जन) उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान रक्तदान शिविर, आयुष्मान कार्ड पंजीयन एवं 70 वर्ष या उससे अधिक वर्ष के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन की निःशुल्क सेवाएं दी जाएगी। गंभीर बीमारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में शामिल होने के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीयन के लिए 16 सितंबर सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला चिकित्सालय बसंतपुर और शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री राजनांदगांव में संपर्क कर सकते है।

पंजीयन के लिए शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री के मोबाईल नंबर 9301839219, जिला चिकित्सालय बसंतपुर के मोबाईल नंबर 7587766872, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव के मोबाईल नंबर 9691918580, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया के मोबाईल नंबर 6268240712, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ के मोबाईल नंबर 8349787580, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका के मोबाईल नंबर 9993209749 पर संपर्क किया जा सकता है। शिविर में शामिल होने वाले मरीज साथ में पूर्व डॉक्टर की पर्ची एवं जांच रिपोर्ट लेकर अवश्य आएं। स्वास्थ्य शिविर का निःशुल्क लाभ लेने हेतु (पंजीयन हेतु) आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

## महाविद्यालय में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया गया



गंडई (दावा)। गत 10 सितंबर विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर में शासकीय महाविद्यालय गंडई के समाजशास्त्र विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता हेमंत मिश्रा अतिथि ग्रंथपाल द्वारा वर्तमान भौतिकवादी समय में आत्महत्या का दर दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। जो की बहुत ही चिंता का विषय है आत्महत्या के प्रमुख प्रमुख कारण व निवारण से संबंधित वाक्य को बहुत ही सरल भाषा में अपने विचारों को छात्र-छात्राओं के बीच प्रस्तुत किये कार्यक्रम में बहुतायत संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे साथी महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों के उपस्थित रहे ।

# शासकीय हाईस्कूल मनगटा में शतरंज व रक्तदान जागरूकता सामान्य ज्ञान परीक्षा संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। देश हित और समाज के प्रति रचनात्मक कार्य करने वाली सेवाभावी राष्ट्रीय संगठन छात्र युवा मंच परिवार द्वारा बीते 12 वर्षों से लगातार विद्यार्थियों के बीच विभिन्न जागरूकता एवं सामान्य ज्ञान परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। संस्था ने रक्तदान, शतरंज, साइबर सुरक्षा और यातायात जागरूकता जैसे विषयों पर विशेष कार्य किया है।

इसी श्रृंखला में शनिवार को शासकीय हाई स्कूल मनगटा में शतरंज व रक्तदान जागरूकता सामान्य ज्ञान परीक्षा का सफल आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के 68 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा को व्यापम व पीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तर्ज पर ओएमआर शीट के माध्यम से आयोजित किया गया, ताकि विद्यार्थियों को भविष्य की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं का वास्तविक अनुभव मिल सके।

प्रदेश तकनीकी प्रमुख प्रवीण मारकंडे ने बताया कि आज की अधिकांश प्रतियोगी परीक्षाएँ जैसे व्यापम, पीएससी, रेलवे, बैंक, एसएससी आदि ओएमआर शीट के माध्यम से आयोजित की जाती हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को पहले से इसकी प्रैक्टिस कराना बेहद ज़रूरी है। इस परीक्षा में विद्यार्थियों को ओएमआर शीट भरने की विधि, समय प्रबंधन और प्रश्न हल करने की गति का वास्तविक अनुभव मिला। इससे वे भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं में अधिक आत्मविश्वास और सटीकता के साथ भाग ले पाएंगे। 12 वर्ष से छात्र युवा मंच संगठन शहर व ग्रामीण क्षेत्रो के स्कूलों मे जाकर विधार्थियो को रक्तदान, सायबर, यातायात व इस वर्ष शतरंज रक्तदान जागरूकता परीक्षा के माध्यम से ओएमआर शीट व व्यापम पीएससी परीक्षा का आयोजन कर रहें हैं। इस परीक्षा के आयोजन का उद्देश्य विधार्थियो को कॉम्पीटिशन परीक्षा के लिए प्रेरित करना हैं क्यूंकि विधार्थियो को कलेक्टर से लेकर प्यून पद के शासकीय नौकरी के लिए कॉम्पीटिशन परीक्षा मे सम्मिलित होकर सफल होना अनिवार्य हैं।

इसी आधार पर विधार्थियो को भविष्य मे शासकीय नौकरी प्राप्त होगा माननीय जी आप हम जब विधार्थी रहें होंगे तो इस प्रकार के जागरूकता व कॉम्पीटिशन परीक्षाएं कम ही आयोजित होते थे जिसके कारण हमारे दौर के विधार्थियो को कॉलेज पहुंचने पर प्रतियोगी परीक्षा की जानकारी मिल पायी ग्राम मनगटा में शाला विकास समिति अध्यक्ष उमाशंकर व शाला प्राचार्य व विद्यालय की शिक्षिकाएँ श्रीमति संगीता गुप्ता, श्रीमती वीणा साहू, श्रीमती रजनी देवांगन, श्रीमती अनुराधा साहू और कु. भावना बसोरे ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देकर परीक्षा को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रदान किया।

## राज्य अलंकरण हेतु आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। राज्योत्सव 2025 के अवसर पर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान एवं यतियतन लाल सम्मान तथा अखिल भारतीय पुरस्कार महाराजा अग्रसेन सम्मान (राज्य अलंकरण) के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। सम्मान प्राप्त करने के इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 22 सितबर तक जिला कार्यालय राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 94 में आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत की जा सकती है। सम्मान अंतर्गत प्रत्येक चयनित व्यक्ति या संस्था को 2 लाख रूपए, सम्मान प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका एवं प्रमाण पत्र भी प्रशस्ति के रूप में दी जायेगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

राज्य स्तरीय यतियतन लाल

# छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव : विकसित छत्तीसगढ़-2047 पर कार्यशाला का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर शासकीय दिग्विजय स्वशासी पीजी महाविद्यालय में छत्तीसगढ़/50 एवं विकसित छत्तीसगढ़/2047 विकास एवं अवसर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला वाणिज्य, अर्थशास्त्र और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव के महापौर मधुसूदन यादव थे। जबकि जन भागीदारी अध्यक्ष अतुल रायजादा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। अपने संबोधन में,महापौर ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक संपदाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला कल्याण, खनिज और पर्यटन जैसे क्षेत्रों के विकास पर जोर दिया।



महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने छत्तीसगढ़ के गठन से लेकर अब तक की विकास यात्रा पर विस्तार से अपनी बात रखी। कार्यशाला में शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी पीजी महाविद्यालय दुर्ग से आए विषय विशेषज्ञों ने भी अपने विचार साझा किए। डॉ. श्रीमती के. पद्मावती ने छत्तीसगढ़ के विकास, जीडीपी, प्रति व्यक्ति आय, बेरोजगारी दर और अन्य आंकड़ों को पीपीटी के माध्यम से समझाया। उन्होंने विकसित छत्तीसगढ़-2047 की कल्पना को साकार करने में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया। डॉ. एच.पी.एस. सलूजा ने युवा, गरीब, महिलाएं और अन्नदाता जैसे चार स्तंभों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सामाजिक न्याय, सतत विकास और नवाचार की योजनाओं को विकसित छत्तीसगढ़ के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यशाला का संचालन वाणिज्य विभाग की प्राध्यापक श्रीमती सुमन कोचर ने किया और आभार प्रदर्शन अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापक डॉ. श्रीमती मीना प्रसाद ने किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्टः सीएम साय बोले.....**

वेलनेस, एडवेंचर स्पोर्ट्स आदि क्षेत्रों में निवेश के स्वर्णिम अवसर बनेंगे। होम स्टे पर विशेष अनुदान से स्थानीय उद्यमशील लोगों को भी पर्यटन क्षेत्र में अवसर मिल रहे हैं। बस्तर में वनोपज प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं और इनके प्रसंस्करण से जुड़ी यूनिट लगाने पर विशेष प्रावधान किए गए हैं। इसी तरह एग्रो इंडस्ट्री पर भी विशेष फोकस है। सबसे खास बात यह है कि बस्तर में स्किल डेवलपमेंट पर सबसे अधिक जोर दिया जा रहा है। कोर इंडस्ट्री और नये दौर के उद्योगों के अनुरूप बस्तर के सभी 32 ब्लॉकों में स्किल डेवलपमेंट सेंटर बनाए जा रहे हैं। बस्तर के युवा मेहनती और प्रतिभाशाली हैं, निश्चित ही उद्योगों को स्किल्ड मानव संसाधन की कमी नहीं होगी।ऐक्टिववियर इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, बीजापुर में पहली बार राइस मिल की स्थापना हो रही है। उन्होंने बताया कि जगरगुंडा की इमली मंडी, जो वर्षों से बंद थी, को फिर से चालू कराया गया है। उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयासों से राज्य की औद्योगिक नीति की सराहना दक्षिण कोरिया में भी हुई है, जिससे छत्तीसगढ़ को वैश्विक मंच पर नई पहचान मिली है। कार्यक्रम में 34 उद्योगों की स्थापना के लिए प्रोत्साहन प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में विशेष रूप से नक्सल पीड़ति परिवारों के लिए विशेष अनुदान की घोषणा की गई। यदि वे उद्योग स्थापित करना चाहते हैं, तो उन्हें अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा। पर्यटन, कृषि-बागवानी, इलेक्ट्रॉनिक और फार्मास्युटिकल जैसे क्षेत्रों में निवेश करने पर भी विशेष अनुदान और छह वर्षों तक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। स्थानीय लोगों को उद्योग स्थापित करने और रोजगार सृजन में प्राथमिकता दी जाएगी तथा शासन-प्रशासन पूरा सहयोग करेगा। इस अवसर पर एनएमडीसी द्वारा विशेष प्रस्तुतिकरण कर छत्तीसगढ़ के औद्योगिक और सामाजिक विकास में अपनी सहभागिता को प्रदर्शित किया गया। बीजापुर, नारायणपुर, बस्तर और कोंडागांव में आधुनिक राइस मिल और फूड प्रोसेसिंग इकाइयाँ स्थापित की जा रही हैं, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए अनेक रोजगार अवसर सृजित होंगे। नारायणपुर जिले में पार्श्वा एग्रीटेक प्रतिवर्ष 2,400 टन परबॉयल्ड चावल का उत्पादन करेगी। 8 करोड़ रुपये के निवेश और नए रोजगार के साथ यह परियोजना बस्तर की कृषि उपज को वैल्यू एडिशन का नया आधार देगी। जगदलपुर में नमन् क्लब एंड वेलनेस सेंटर 7.65 करोड़ रुपये के निवेश और 30 रोजगार अवसरों के साथ स्थापित हो रहा है। वहीं पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में एएस बिल्डर्स एंड ट्रेडर्स तथा सेलिब्रेशन रिजॉर्ट्स एंड होटल्स बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करेंगे। बस्तर डेयरी फार्म प्रा. लि. 5.62 करोड़ रुपये का निवेश कर दुग्ध उत्पादन और प्रसंस्करण को गति देगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी। कुल मिलाकर बस्तर में अब तक 967 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव आए हैं, जिससे 2100 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, पर्यटन, निर्माण और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में यह निवेश लहर बस्तर को एक सच्चे निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित कर रही है।

**गरियाबंद में सुरक्षाबलों और माओवादियों....**

हालांकि बढ़ती उम्र और मधुमेह, स्पांडिलाइटिस व साइटिका जैसी बीमारियों ने उसे कमजोर कर दिया, लेकिन उसका अनुभव और पकड़ माओवादी संगठन की दिशा तय करता रहा। इससे पहले, आज ही नारायणपुर जिले में 16 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इन माओवादियों ने बुधवार शाम वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुरिया ने बताया कि माओवादियों ने खोखली माओवादी विचारधारा, निर्दोष आदिवासियों पर उनके द्वारा किए गए अत्याचारों और प्रतिबंधित संगठन में बढ़ते आंतरिक मतभेदों से निराशा जताई। उन्होंने बताया कि सभी 16 माओवादी निचले स्तर के कार्यकर्ता थे, जो जनताना सरकार, चेतना नाट्य मंडली और माओवादियों की पंचायत मिलिशिया के सदस्यों सहित विभिन्न इकाइयों से जुड़े थे। अधिकारी ने बताया कि हालांकि माओवादी पदानुक्रम में उनकी स्थिति अपेक्षाकृत कम थी, फिर भी उन्होंने उग्रवाद को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**संजय सिंह श्रीनगर में हाउस.....**

पहले संजय सिंह बुधवार को जम्मू में मेहराज मलिक के परिजनों से मिले थे। इसके बाद वे श्रीनगर रवाना हो गए ताकि मेहराज मलिक की गिरफ्तारी के विरोध में किए जाने वाले प्रदर्शन में शामिल हों। इसके अलावा संजय सिंह को प्रेस कॉन्फ्रेंस भी संबोधित करना था, लेकिन संजय का दावा है कि श्रीनगर पुलिस उन्हें गेस्ट हाउस से बाहर ही नहीं निकलने दे रही है। आप विधायक मेहराज मलिक पर गलत तरीके से जन सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, मलिक ने आरोप लगाया था कि यह कार्रवाई इसलिए की जा रही क्योंकि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों का मुद्दा उठाते हैं, जिससे सरकार चिंतित है।

**सीआरपीएफ बोली- राहुल गांधी सुरक्षा....**

यात्राओं का हवाला दिया है। यह पहली बार नहीं है जब CRPF ने राहुल गांधी को उनके सुरक्षा कवर को लेकर लेटर लिखा है। CRPF ने बताया कि राहुल ने 2020 से अब तक 113 मौकों पर सुरक्षा दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है, जिसमें पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा का दिल्ली फेज भी शामिल है। केंद्र सरकार ने 2019 में तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बच्चों राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को दी गई विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) सुरक्षा वापस ले ली थी। इस सुरक्षा कवर की जगह सीआरपीएफ ने ले ली। SPG सिक्योरिटी गांधी परिवार के पास करीब 3 दशक तक रही।

**डोनाल्ड ट्रंप के करीबी चार्ली....**

पुलिस का कहना है कि उसने गहरे रंग के कपड़े पहन रखे थे। इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने वीडियो संदेश में हत्या के आरोपित को जल्द से जल्द पकड़ने का संकल्प व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि किर्क सच्चाई और स्वतंत्रता के लिए शहीद हुए हैं। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने किर्क के लिए एक मिनट का मौन रखने का प्रयास किया, लेकिन वहां भी हंगामा मच गया। उनके शोक में अमेरिका में रविवार तक राष्ट्रीय ध्वज को आधा झुका रहेगा। बंदूक हिंसा पर सवाल जवाब के दौरान लगी गोली विडंबना ही कही जाएगी कि गोली लगने से कुछ सेकंड पहले किर्क अमेरिका में बंदूक हिंसा से जुड़े एक सवाल का जवाब देने जा रहे थे। घटना से जुड़े एक वीडियो में एक दर्शक ने किर्क से पूछा था कि क्या आप जानते हैं कि अमेरिका में पिछले 10 वर्षों में कितने ट्रांसजेंडर अमेरिकियों ने भीड़ पर गोलीबारी की है। क्या आप बता सकते हैं कि अमेरिका में भीड़ पर गोलीबारी करनेवाले कितने मास शूटर हैं। इस पर किर्क ने पूछा कि क्या आप गिरोह हिंसा को जोड़कर पूछ रहे हैं या इससे अलग। इसके कुछ ही सेकेंड बाद किर्क को गोली लगी। किर्क अमेरिका की बंदूक संस्कृति के भी समर्थक थे। 2023 में भीड़ पर हुई गोलीबारी के बाद उन्होंने कहा था कि अपने अधिकारों की रक्षा के लिए बंदूक रखना उचित है। किर्क ने एरिजोना से टर्निंग प्वाइंट यूएसए नाम का एक रूढ़िवादी युवा संगठन शुरू किया था और ट्रंप के समर्थन युवा मतदाताओं का समर्थन जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ट्रंप ने इसके लिए किर्क की प्रशंसा भी की थी। किर्क के एक्स पर 53 लाख से ज्यादा फालोअर थे। वह एक लोकप्रिय पॉडकास्ट और रेडियो कार्यक्रम- द चार्ली किर्क शो- भी चलाते थे। इसके अलावा किर्क फॉक्स न्यूज के फाक्स एंड फ्रेंड्स कार्यक्रम में भी नजर आते थे।

**रूसी सेना में भारतीय जवानों की....**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम प्रभावित भारतीय नागरिकों के परिवारों के संपर्क में हैं। रूस से भारत लगातार यह आग्रह कर रहा है कि इस तरह की भर्तियों को तत्काल रोका जाए और भारतीयों को वापस भेजा जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी भारतीय को प्रलोभन या विदेश जाने के ऐसे प्रस्ताव स्वीकार नहीं करने चाहिए। इससे उनकी जान संकट में आ सकती है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अब तक 126 भारतीयों को रूसी सेना ने भर्ती किया है। इनमें से 12 की मौत हो चुकी है। 96 लोगों को रिहा किया गया है, जबकि 16 अब भी लापता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले वर्ष रूस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सामने खुद भी यह मामला उठाया था।

**भारत मॉरीशस को 680 मिलियन डॉलर.....**

पर मॉरीशस और प्रधानमंत्री रामगुलाम को बधाई दी और इसे द्वीप राष्ट्र की संप्रभुता के लिए एक ऐतिहासिक जीत बताया। उन्होंने कहा, भारत ने हमेशा उपनिवेशवाद का विरोध किया है और मॉरीशस की संप्रभुता को पूरी तरह मान्यता दी है और इस मुद्दे पर भारत ने हमेशा मॉरीशस का साथ दिया है। मई में ब्रिटेन ने एक ऐतिहासिक समझौते के तहत चागोस द्वीप समूह की संप्रभुता मॉरीशस को सौंपने का फैसला किया, जिसमें डिएगो और गार्सिया भी शामिल हैं। ब्रिटेन पचास साल से अधिक समय बाद इन द्वीपों पर अधिकार छोड़ रहा है। इस समझौते के तह डिएगो गार्सिया की सुरक्षा की की जिम्मेदारी पूरी तरह ब्रिटेन के पास रहेगी। रामगुलाम ने कहा कि भारत-मॉरीशस संबंध अब एक सक्रिय और भविष्य की दृष्टि वाली दिशा में बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के बीच समुद्री क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, भारत हमेशा हिंद महासागर क्षेत्र में पहला प्रतिक्रिया देने वाला और सुरक्षा प्रदान करने वाला देश है। मॉरीशस के तटरक्षक जहाज की मरम्मत भी भारत में की जा रही है और उनके 120 अधिकारियों को भारत में प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा, आज हमने हाइड्रोग्राफी के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता किया है। अगले पांच वर्षों में हम संयुक्त सर्वेक्षण, नेविगेशन चार्ट और ईईजेड के हाइड्रोग्राफिक डाटा पर एक साथ काम करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि मॉरिशस, भारत की पड़ोसी पहले नीति और महासागर दृष्टिकोण का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने इस दृष्टिकोण को मार्च में अपनी मॉरीशस यात्रा के दौरान पेश किया था। उन्होंने यह भी घोषणा की कि मॉरीशस में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का एक नया निदेशालय स्थापित किया जाएगा।

**एथेनॉल ब्लेंड ई-20 पेट्रोल पर बोले.....**

कहा कि मैं बस यही कहूंगा कि जो भी था, उसमें कोई सच्चाई नहीं थी। सब कुछ स्पष्ट किया जा चुका है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने हाल ही में गडकरी पर हितों के टकराव का आरोप लगाया था। उसका कहना था कि परिवहन मंत्री एथनॉल उत्पादन के पक्ष में बोलते रहे हैं जबकि उनके दो बेटे एथनॉल उत्पादन से जुड़ी कंपनियों का हिस्सा हैं और उन्हें इस सरकारी नीति से फायदा हुआ है। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इस पूरे मामले की लोकपाल के माध्यम से जांच कराने की चुनौती भी दी थी। गडकरी ने कहा कि देश के करीब 22 लाख करोड़ रुपये के ईंधन आयात बिल को देखते हुए ई-20 एक किफायती एवं प्रदूषण-मुक्त देसी विकल्प है। उन्होंने कहा कि अगर यह राशि देश की अर्थव्यवस्था में ही जाए तो इसका फायदा किसानों और देश को होगा। सरकार ने मक्का से एथनॉल बनाने का निर्णय लिया है जिससे किसानों को 45,000 करोड़ रुपए का लाभ हुआ है। इस वर्ष उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में इसका रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। गडकरी ने कहा कि हमारी कृषि वृद्धि दर बहुत कम है, इसलिए ऊर्जा और बिजली क्षेत्र की ओर कृषि का यह विविधीकरण किसानों के लाभ के लिए सही है।

# लायंस क्लब ने अज़ीज पब्लिक स्कूल में प्रतिभा और गुरुजनों को किया सम्मानित

**राजनांदगांव (दावा)। लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला प्रतिभा सम्मान समारोह लायंस टॉपटेन इस वर्ष का तृतीय (तीसरा) आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ (एबिस ग्रुप) के अज़ीज पब्लिक स्कूल इंदामरा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुवात छत्तीसगढ़ी गीत अरपा पैरी के साथ शुरू हुई। छोटी-छोटी बालिकाओं के द्वारा बहुत ही सुंदर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया।**



लायंस क्लब का भव्य प्रतिभा एवं शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

समाजसेवी लायन सुनील बरड़िया संस्थापक लायंस टॉप-टेन बच्चों का यह कार्यक्रम मातुश्री स्व. संतोष बाई बरड़िया एवं शिक्षक सम्मान स्व. विजय पांडे (पूर्व महापौर राजनांदगांव) की पावन स्मृति में शारदा तिवारी के सौजन्य से आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम का आयोजन अज़ीज़ पब्लिक स्कूल में प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में अतिथियों, लायंस सदस्यों तथा छात्रों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को लायन क्लब के अध्यक्ष अमित खण्डेलवाल ने कहा शिक्षक समाज की आत्मा होती हैं। वे केवल ज्ञान ही नहीं देते बल्कि चरित्र निर्माण, अनुशासन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना भी जागृत करते हैं और इसी प्रकार प्रतिभावान छात्र-छात्राएं जो कठिन परिश्रम और लगन से टॉप टेन की सूची में आते हैं, वे भविष्य के उज्जवल सितारे हैं। आप सभी हमारे शहर और समाज का गौरव है।

कार्यक्रम में अज़ीज पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर तनाज अज़ीज एवं फरजाना दानिश, प्रिंसिपल सचिन पाल सिंह ठाकुर ने भी लायंस क्लब की सराहना की और कहा की लायंस क्लब का यह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है। साथ ही वाइस प्रिंसिपल जीवेश कुमार द्विवेदी एवं सभी स्टाफ ने इस आयोजन की प्रशंसा की तथा अपने लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के अध्यक्ष लायन अमित खण्डेलवाल ने गरबा उत्सव में छोटे बच्चों के द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत करने का निवेदन किया। साथ ही संरक्षक लायन उमेंद कोठारी, सुशील पसारी, लायन राजेश जैन, लायन संतोष लोहिया, रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन राजकुमार शर्मा, जोन चेयर पर्सन लायन शारदा तिवारी, लायन सुदामा मोटलानी, कार्यक्रम के प्रभारी लायन गौरव बागड़ी, लायन शुभम (टीना) खण्डेलवाल सहित लायन सिधार्थ सिंह कोठारी, मुकेश शर्मा, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा, कोषाध्यक्ष लायन सुरेश शर्मा एवं टॉपटेन चेयरमेन लायन मनोज गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लायन सदस्यों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही वास्तविक शक्ति है और इस प्रकार के सम्मान समारोह विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करते हैं। अंत में लायन जोन चेयर पर्सन शारदा तिवारी ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों एवं लायंस परिवार का आभार व्यक्त करते हुए इस परंपरा को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समापन तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच हुआ।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के दस दिवसीय विशेष अभियान एवं बालिका सुरक्षा माह संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल ग्राम पनेका में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के दस दिवसीय विशेष अभियान एवं बालिका सुरक्षा माह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति से जिला मिशन समन्वयक श्री किशोर माहेश्वरी द्वारा पॉक्सो एक्ट लैंगिक अपराधों के प्रति बालकों का संरक्षण, साईबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बाल संरक्षण इकाई से नितिन किशोरी वर्मा एवं श्री तरूण चंद्रकाम द्वारा बालिकाओं के संरक्षण एवं सुरक्षा, बाल विवाह रोकथाम, नवा बिहान की घरेलू हिंसा, उत्पीडन् की घटनाओं के समाधान, सखी वन स्टॉप सेंटर, सखी सदन, सखी निकेतन की जानकारी प्रदान की गई। शाला की किशोरी बालिकाओं द्वारा बालिका सुरक्षा विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। बालिकाओं के लिए तात्कालिक भाषण, चित्रकला, गीत एवं कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## आम आदमी को राहत : जीएसटी दरों में कमी से किचन के खर्च में आएगी कमी - किरण रविन्द्र वैष्णव



छुरिया (दावा)। राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में की गई कटौती के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की सराहना की है। श्रीमती वैष्णव ने जीएसटी में कमी को कर सुधारों की दिशा में एक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि इस कदम से समाज के सभी वर्गों को लाभ होगा।

उन्होंने कहा रोटी, कपड़ा और मकान से जुड़ी आवश्यक वस्तुओं की कीमतें कम हो जाएंगी। जिससे आम आदमी के किचन के खर्च में कमी आएगी और भारी बचत होगी। उन्होंने आगे बताया कि जीएसटी सुधारों का मुख्य लक्ष्य मध्यम वर्ग, किसानों और गरीबों के हित में काम करना है, ताकि देश में जीवन और व्यापार को आसान बनाया जा सके। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व को दिया।

श्रीमती वैष्णव ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि और आठ वर्षों में सबसे कम 1.5 प्रतिशत की उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति, जीएसटी सुधारों का ही परिणाम है। उन्होंने जीएसटी सुधारों को एक बड़ा बदलाव और खुशियों का पिटारा बताते हुए कहा कि यह आम आदमी के जीवन को खुशहाल बनाएगा और व्यापार-उद्योग को नई गति देगा।

इस कदम से न केवल लोगों की बचत में ऐतिहासिक वृद्धि होगी। बल्कि जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से व्यापारियों को भी अपना काम करने में अधिक आसानी होगी।

# महिला पुलिस, सुरक्षा बल के नेतृत्व में किया जागरूकता अभियान






राजनांदगांव(दावा)। कमला देवी राठी महाविद्यालय में सायबर क्राइम, एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें उपस्थित महिला थाना प्रभारी गीतांजलि सिन्हा एवं रक्षा बल प्रभारी शारदा बंजारे के नेतृत्व में महाविद्यालय के छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने एवं अपराधिक प्रकरणों को रोकने के लिए जागरूक किया गया, रक्षा बल प्रभारी शारदा बंजारे ने बताया कि आये दिन महिलाओं के साथ घटना, घट जाती है, यदि कोई हमारे ऊपर प्रहार करें, बेवजह छेड़खानी करें तो खुद के बचाव के लिए हमेशा तत्पर रहें।

सभी बच्चे अपने घरों से दूर-दूर से पढ़ने आते है, जिन्हें अकेला पाकर असामाजिक पुरूष उनके साथ दुर्व्यवहार करने की कोशिश करते है, जिससें हमें पुलिस को कैसे सूचित करना, अभिव्यक्ति एप के माध्यम का प्रचार कर तत्काल सूचना देने का प्रावधान बताया गया। महिला थाना प्रभारी गीतांजली सिन्हा ने साइबर अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की मोबाइल आज के समय बड़ा माध्यम है। महिलाओं को गुमराह करने का कोई भी किसी प्रकार की जानकारी आपके पर्सनल डाक्यूमेंट अगर मोबाइल में मंगवाता है, तो उसे बिल्कुल ना भेजें। जिससे आप ठगी का शिकार हो, प्रेम प्रसंग में फेक आईडी बना कर कुछ पुरूषों के द्वारा भोली-भाली लड़कियों को गुमराह करते हैं, मिलने बुलाते है और उनके साथ अनाचार करते है।

सभी छात्राओं को कार्यक्रम के माध्यम से बढ़ते अपराध को रोकने की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में महिला थाना की वरिष्ठ कांउलर डॉ रेखा मेश्राम के द्वारा हिंसा के प्रकार भी बताए गये एवं पत्रकार महिला थाना काउंसलर निकहत परवीन के द्वारा लड़कियों में मोटिवेशन किया गया कि हिम्मत से जीना और डर का सामना कैसे किया जाता है। खुद को मजबूत बनाने के लिए अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए शिक्षा कितनी आवश्यक है और आप वो हर कार्य कर सकतें हैं जो कभी आपने कल्पना भी नहीं की होगी।

कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 300 छात्राओं को जागरूक किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य ओंकार श्रीवास्तव, महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ से हरप्रीत कौर गरचा कॉलेज की प्रोफेसर निवेदिता लाल प्रो. बृजलाल उइके के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल प्रोफेसर निवेदिता लाल के द्वारा किया गया।

# जीएसटी में बदलाव से आम आदमी को राहत, उद्योगों को नई गति-रंजना साहू



व्यापार और अर्थव्यवस्था को मिलेगा बूस्ट, भाजपा ने गिनाई उपलब्धियां

खैरागढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में बढ़ रहा है। इसी कड़ी में हाल ही में जीएसटी दरों में की गई कटौती और सरलीकरण आम आदमी के जीवन में राहत देने वाला और व्यापार-जगत को नई दिशा देने वाला कदम साबित हो रहा है। यह बात प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक रंजना साहू ने जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही।

### आम जनता की जेब को राहत, व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

रंजना साहू ने कहा कि जीएसटी स्लैब में किए गए बदलावों से आम लोगों की बचत में ऐतिहासिक वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे तेल, शैम्पू, टूथपेस्ट, मक्खन, पनीर, सिलाई मशीन, ट्रैक्टर, कलपुर्जे, कृषि उपकरण, स्वास्थ्य बीमा, शैक्षणिक वस्तुएं, इलेक्ट्रॉनिक और ऑटोमोबाइल उत्पाद अब और अधिक किफायती हो गए हैं।

### व्यवसाय में सुगमता और एमएसएमई को मिलेगा लाभ

उन्होंने बताया कि जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से व्यापारी अब और अधिक आसानी से अपना कार्य कर सकेंगे। खासकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम (एमएसएमई) उद्योगों को इस नई व्यवस्था से सबसे अधिक लाभ होगा। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

### कम टैक्स, अधिक करदाता का सिद्धांत सफल

रंजना साहू ने बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद से करदाताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2017 में 66.5 लाख जीएसटी करदाता थे, जो अब बढ़कर 1.51 करोड़ हो गए हैं। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह 22.08 लाख करोड़ रुपये रहा, जो केवल चार वर्षों में दोगुना हुआ है।

### छत्तीसगढ़ को आर्थिक सुधारों में मिली सफलता

पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ को आर्थिक सुधारों और बेहतर वित्तीय प्रबंधन के लिए केंद्र सरकार से 6200 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है। यह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किए गए बेहतरीन आर्थिक प्रबंधन का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

### भाजपा नेताओं की उपस्थिति

प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा के जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष घम्मन साहू, जिला उपाध्यक्ष टी.के. चंदेल, शशांक ताम्रकार, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलिमा गोस्वामी, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह 'बोनी', वंदना तांडेकर, मंडल अध्यक्ष पाण्डादाह गोरेलाल वर्मा, ऋषभ सिंह बघेल, शहर भाजयुमो अध्यक्ष अनिश सिंह 'दादू', जनपद उपाध्यक्ष लखन साहू, राजू जंघेल, ज्योति जंघेल, कीर्ति वर्मा, राकेश ठाकुर, शैलेन्द्र त्रिपाठी, जनपद सदस्य शैलेंद्र मिश्रा, श्याम सुंदर साहू, हर्षवर्धन वर्मा, आनंद पटेल, महेश गिरी, शत्रुहन साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बच्चों को अच्छा इंसान बनने की शिक्षा मिले

कल्लूबंजारी (दावा)। सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा गंडई में आयोजित विभागीय कबड्डी प्रतियोगिता एवं खैरागढ़ में आयोजित विभागीय बौद्धिक एवं संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चत्तर विद्यालय छुरिया के विजेता एवं उपविजेता बने प्रतिभावान प्रतियोगी भैया-बहनों को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सभागार छुरिया में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के व्यावस्थापक दीपचंद जैन थे। अध्यक्षता प्राचार्य बृजमोहन साहू ने किया। विशेष अतिथि पालक दिनेश कुरेटी दिलेर एवं बेला चंद्रवंशी रहे। जिन्होंने विजेता एवं उपविजेता प्रतियोगी भैया-बहनों को तिलक लगाकर, मैडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती एवं भारत माता के पूजा अर्चना के साथ हुआ पश्चात अतिथियों का स्वागत किया।



सरस्वती विद्यालय छुरिया के प्रतिभावान भैया-बहने सम्मानित

सभा को संबोधित करते हुए विशेष अतिथि, पालक एवं ख्यातिलब्ध कवि दिनेश कुरेटी दिलेर ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं होती। बच्चों को उचित मंच एवं अवसर प्रदान कर उनके प्रतिभा को निखारा जा सकता है। स्वस्थ तन में स्वस्थ मन का वास होता है। खेलकूद के नियमित प्रतिभागी शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहता हैं। नियमित अभ्यास करने वाला प्रतिभागी हमेशा सफल होता है। विजेता प्रतिभागियों को नियमित अभ्यास कर अपने विजय यात्रा को बनाये रखना चाहिए तथा असफल प्रतिभागियों को नियमित अभ्यास कर विजेता बनने के लिए कोशिश करना चाहिए। आज के बच्चे कल के नागरिक बनेंगे, इसलिए बच्चों को अपने नैतिकता को बनाये रखना चाहिए। बच्चों को अच्छा शिक्षा के साथ-साथ अच्छा संस्कार भी दिया जाना चाहिए तथा उनके बहुमुखी प्रतिभा को तराशने के लिए विविध प्रकार के प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। बच्चों को अच्छा अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं व्यापारी बनने से ज्यादा एक अच्छा इंसान बनने की शिक्षा दी जानी चाहिए। बच्चों को अपने माता-पिता एवं गुरूजनों का हमेशा सम्मान करते हुए उनके आज्ञा का पालन करना चाहिए। श्री कुरेटी ने बच्चों से अच्छा इंसान बनने की अपेक्षा की।

प्राचार्य बृजमोहन साहू ने कहा कि अधिकतर जो बच्चे पढ़ाई में आगे रहते है, वो बच्चे खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों में भी आगे रहते है। मुख्य अतिथि व्यावस्थापक दीपचंद जैन, अध्यक्ष प्राचार्य बृजमोहन साहू, विशेष अतिथि दिनेश कुरेटी दिलेर एवं बेला चंद्रवंशी, प्रधानाचार्य लोकराम साहू सहित उपस्थित आचार्यों, दीदीयों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने विजेता एवं उपविजेता प्रतियोगी भैया-बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सम्मानित प्रतिभागी भैया-बहनों में तरूण वर्ग-कबड्डी प्रतियोगिता में धनेन्द्र साहू एवं तरूण मंडावी की टीम प्रथम, किशोर वर्ग-कबड्डी प्रतियोगिता में लोरेस एवं मिथलेश की टीम द्वितीय। संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता के अंतर्गत बालवर्ग-कथाकथन में हिमांशु कोमलेकर प्रथम, निबंध में जयंत रावटे द्वितीय, वंदेमातरम में योगिता, गुंजन एवं राजेश्वरी प्रथम, किशोर वर्ग- निबंध में प्रेरणा चंद्रवंशी प्रथम, एकल अभिनय में साक्षी सिन्हा प्रथम, भजन में हिमांशी यादव प्रथम, चित्रकला में दीक्षिका कंवर प्रथम, व्यक्तिगत गीत में चांदनी द्वितीय, वंदेमातरम में पूर्वांशी, घटा एवं कणिका प्रथम, मानस प्रथमाक्षरी में युवती, कृति एवं देवकीर्ति प्रथम, तरूण वर्ग-भजन में लोकेश्वरी कुंभकार प्रथम, वंदेमातरम में पायल, गीतिका एवं मीनल प्रथम, एकल नृत्य अभिनय में पूर्वी यादव द्वितीय, चित्रकला में तुषार शेण्डे द्वितीय शामिल है।

## बिहरीकला एवं मचांदुर में बनेगा यात्री प्रतीक्षालय



अंबागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी विकासखंड में विधायक इंद्रशाह मंडावी ने विधायक निधि से विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

ग्राम मोहड़ में किचन शेड निर्माण, ग्राम मचांदुर में यात्री प्रतीक्षालय, ग्राम भनसुला में सीसी रोड, बिहरीकला में यात्री प्रतीक्षालय का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर ग्राम पटेल खम्मन जुरेशिया, सरपंच हमेश्वरी मंडावी, किशन कुंजाम, कुमारी जुरेशिया, खेमलाल साहू, पवन तुलावी, सुमन पटेल, राजेश्वर जुरेशिया, किशोर जुरेशिया, लता साव, सुजाता कुंजाम, संतराम कोरेटी, दिनेश शाह मंडावी, पन्ना मेश्राम, रामेंद्र भुआर्य, पवन खोबरागड़े, बुधराम पंडरोई, भास्कर ठाकुर सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सिरलगढ़ में शिक्षक सम्मान समारोह में हुए शामिल

सिरलगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। विधायक मंडावी ने शिक्षकों शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। शिक्षकों को शिखर पर ले जाने वाला सीढ़ी बताया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य जितेंद्र साव, संध्या साहू, नीलकंठ कोमरे, रश्मि ठाकुर, महामती चंद्रवंशी, कैलाश कश्यप, नंदकुमार अमरिया, जीवन कश्यप, आनंद चंद्रवंशी सहित बच्चे उपस्थित रहें।

## पंचायत की सहमति के बिना बनाए गए सभी राशन कार्ड किए जाएंगे निरस्त - नंद साहू सरपंच अछोली



मामला- जनपद के ऑपरेटरों द्वारा दलालों के माध्यम से बनाए गए फर्जी राशन कार्ड का

डोंगरगढ़ (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के डाटा एंट्री ऑपरेटर द्वारा जनपद के जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों और ऑनलाइन सेंटर के दलालों के माध्यम से बनाए राशन कार्ड की की जा रही है, जांच के बीच ग्राम पंचायत अछोली के सरपंच नंद साहू ने स्पष्ट रूप से कहा है कि ग्राम पंचायत की सहमति व जानकारी के बिना ग्राम पंचायत में जितने भी राशन कार्ड बनाए गए हैं वे सभी निरस्त किए जाएंगे और कार्ड बनाने वाले और कार्ड बनवाने वालों की जानकारी जनपद सीईओ को आवश्यक कार्रवाई हेतु दी जाएगी।

उल्लेखनीय की जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में पदस्थ रहे सीईओ श्री सातपुते के कार्यकाल में राशन कार्ड बनाने के नाम से प्रति राशन कार्ड हजारों रुपए की राशि लिए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर जनपद के अनेक नेताओं द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई थी। उनके स्थानांतरण के बाद भी फर्जी राशन कार्ड बनाकर आज पर्यंत ग्रामीणों को लूटा जा रहा है। जिनका राशन कार्ड बन ही नहीं सकता वह भी भारी भरकम राशि देकर राशन कार्ड बना लिए और उसका लाभ ले रहे हैं। जब तक जनपद की ओर से सभी राशन कार्ड का भौतिक सत्यापन नहीं किया जाएगा तब तक शासन को लाखों रुपए का नुकसान प्रति माह उठाना पड़ेगा।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क परियोजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यों के लिए मिली स्वीकृति

अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क परियोजनाओं के अंतर्गत मानपुर से कोण्डे (10.40 कि.मी.), गोटाटोला से बीटेझर (11.10 कि.मी.), मोहला से गोटाटोला (14.78 कि.मी) परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति मिली। जिले के वासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, सांसद संतोष पांडे, जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा, श्रीमती नम्रता सिंह, संजीव शाह पूर्व संसदीय सचिव, मदन साहू का जताया आभार।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत जिले की विभिन्न सड़क परियोजनाओं के लिए वित्तीय स्वीकृति मिलने से स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर है। जिलेवासियों ने इन सड़कों की स्वीकृति के लिए जिले के अध्यक्ष सहित सभी जिले व प्रदेश के प्रतिनिधियों द्वारा किए गए अथक प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। इन सड़कों के निर्माण से जिले के कई ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों को बारहमासी सड़क संपर्क मिलेगा, जिससे ग्रामीणों के लिए आवागमन और परिवहन में सुधार होगा। इससे न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सरकारी सुविधाओं तक पहुँच भी आसान होगी।

इन सड़क परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति दिलाने के लिए जिला अध्यक्ष सभी प्रमुख जिले के प्रतिनिधियों ने लंबे समय से प्रयास किए थे। ग्रामीणों का कहना है कि अध्यक्ष सहित सभी प्रतिनिधियों ने लगातार शासन-प्रशासन के साथ मिलकर इस मामले को उठाया, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। उन्होंने बताया कि खराब सड़कों के कारण लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था खासकर बारिश के मौसम में, लेकिन अब इन समस्याओं का अंत होगा। इन नई सड़कों से क्षेत्र में विकास की नई उम्मीद जगी है।

किसानों को अपनी उपज मंडियों तक ले जाने में आसानी होगी, जिससे उन्हें बेहतर कीमत मिल सकेगी। छात्रों को स्कूल-कॉलेज जाने में सुविधा होगी और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं भी समय पर उपलब्ध हो सकेंगी। सड़क स्वीकृति की खबर मिलने के बाद ग्रामीणों ने जिला अध्यक्ष सहित जिले के सभी सम्मानित प्रतिनिधियों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा के जनहितैषी कार्यों का एक और उदाहरण है।

भाजपा और प्रदेश सरकार जिले के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है और एक बार फिर से यह साबित कर दिया है कि भाजपा ही इकलौती ऐसी पार्टी है जो जनता के विकास को ध्यान में रखते हुए सच्चे सेवक के रूप में नियमित कार्य करती हैं। अब वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद सड़क निर्माण का कार्य जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। ग्रामीण उम्मीद कर रहे हैं कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय पर पूरा होगा, ताकि उन्हें जल्द से जल्द इन सड़कों का लाभ मिल सकें।

## उचित मूल्य की दुकान मात्र तीन दिन खुलने से हितग्राहियों को हो रही परेशानी



डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। बेलगांव स्थित मां शारदा बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित द्वारा संचालित उचित मूल्य की दुकान सप्ताह में मात्र तीन दिन मंगलवार, बुधवार, गुरुवार अपने निर्धारित समय अनुसार खोला जाता है।

हितग्राहियों की मांग है कि राशन दुकान प्रतिदिन खोला जाए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलगांव में लगभग 700 से अधिक राशन कार्ड धारी शासन की योजना का लाभ ले रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सप्ताह में तीन दिन खोलने के कारण राशन दुकान में लाइन लग जाता है। राशन का वितरण करते करते सुबह से रात हो जाती है।

### हितग्राहियों की मांग जायज - सरपंच कौशल चंद्रवंशी

ग्रामीणों द्वारा सरपंच कौशल चंद्रवंशी को लिखित आवेदन देकर मांग की गई है कि संचालित राशन दुकान को प्रतिदिन खोला जाए। जिससे सभी हितग्राहियों को समय पर राशन उपलब्ध हो सके। सरपंच कौशल चंद्रवंशी का कहना है कि ग्रामीणों की मांग जायज है। हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखकर प्रयास किया जाएगा की राशन दुकान सप्ताह में प्रतिदिन खुले।

# विधानसभा अध्यक्ष ने बजरंगपुर-नवागांव प्रकरण में पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी







राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज नगर पालिक निगम राजनांदगांव के बजरंगपुर-नवागांव प्रकरण में पीड़ित परिवारों से बजरंगपुर-नवागांव वार्ड में पहुंचकर मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव की शांति और सौहार्द्र के लिए प्रदेश में एक अलग पहचान है और इसे संस्कारधानी भी कहते है। विगत दिनों बजरंगपुर-नवागांव वार्ड में घटित हिंसा एवं हत्याकांड एक दुखद घटना है। नशे की गिरफ्त में आकर बिना किसी कारण के चाकूबाजी की घटना हुई और एक परिवार को बचाते हुए राजेश ढीमर की मृत्यु हो गई। चाकूबाजी की अन्य दूसरी घटना में सचिन दास मानिकपुरी एवं किशन राजपूत की हत्या की गई। पुलिस की शुरूआती कार्रवाई में पहली रिपोर्ट दर्ज होने के बाद तोड़-फोड़ की घटना की सूचना मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाती तो यह घटना इस प्रकार का स्वरूप नहीं लेती। इस घटना के लिए थाना प्रभारी का दोष दिखाई देता है और उस पर कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया गया है।

- नवागांव से चिखली तक के क्षेत्र में एक पुलिस चौकी की होगी स्थापना
- विधानसभा अध्यक्ष ने तात्कालिक मदद के दृष्टिगत मृतक युवा राजेश ढीमर, सचिनदास मानिकपुरी, किशन राजपूत के परिवारों को स्वेच्छानुदान अंतर्गत एक-एक लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की
- किशन राजपूत के परिवार के लिए अनुकम्पा नियुक्ति की घोषणा की
- राजेश ढीमर की पत्नी को जॉब प्लेसमेंट में नौकरी दिलाने के लिए किया निर्देशित

विधानसभा अध्यक्ष ने इस घटना में शामिल होने वाले अन्य लोगों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि नवागांव से चिखली तक के क्षेत्र में एक पुलिस चौकी खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वहां तत्काल पुलिस चौकी की स्थापना की सहमति प्रदान की है।

विधानसभा अध्यक्ष ने तात्कालिक मदद की दृष्टि से मृतक युवा राजेश ढीमर, सचिन दास मानिकपुरी एवं किशन राजपूत के परिवारों को स्वच्छानुदान अंतर्गत एक-एक लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने किशन राजपूत के परिवार के लिए अनुकम्पा नियुक्ति की घोषणा की। राजेश ढीमर की पत्नी को जॉब प्लेसमेंट में नौकरी दिलाने के लिए निर्देशित किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शराब एवं नशे के खिलाफ जिले में सतत अभियान चलाने की आवश्यकता है। सुरक्षा के मद्देनजर इन क्षेत्रों में लगातार पुलिस पेट्रोलिंग के निर्देश दिए। उन्होंने इन क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव, कोमल सिंह राजपूत, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# भरे त्योहार में शांति भंग करने के पीछे का कारण नशे की लत है - डॉ. रमन सिंह



राजनांदगांव (दावा)। गणेश विसर्जन के दिन हुए चाकूबाजी की घटना में मारे गए युवक के घर गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने इस दुखद घटना पर अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि त्योहार के माहौल में शांति भंग करने के पीछे का कारण नशे की गोलियां हैं। जिसके प्रभाव में युवा इस तरह के हिंसक कृत्य कर रहे हैं। डॉ. रमन सिंह के साथ पूर्व सांसद अभिषेक सिंह और महापौर मधुसूदन यादव भी मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और घटना के बारे में जानकारी ली। अभिषेक सिंह ने वार्डवासियों को आश्वस्त किया कि ऐसी घटनाओं पर सख्ती से लगाम लगाई जाएगी। इस दौरान वार्डवासियों ने अपने क्षेत्र में पुलिस चौकी खोलने की मांग की।

## लापरवाही पर उठे सवाल, चौकी प्रभारी निलंबित

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि अगर घटना से पहले मृतक के घर हुई तोड़फोड़ पर ध्यान दिया गया होता तो इस बड़ी घटना को रोका जा सकता था। उन्होंने इस मामले में चिखली क्षेत्र के पुलिस चौकी प्रभारी की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। इस लापरवाही के बाद, चौकी प्रभारी और सहायक उपनिरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। डॉ. रमन सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## मृतक परिवार को सहायता और नवागांव में पुलिस चौकी

डॉ. रमन सिंह ने वार्डवासियों की मांग पर नवागांव में पुलिस चौकी खोलने की बात कही। उन्होंने मृतक और घायल को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने मृतक की पत्नी जो 12वीं तक पढ़ी हैं, को अनुकंपा नियुक्ति के तहत नौकरी दिलाने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में वह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी बात करेंगे।

## नशे का कारोबार पैर पसार रहा है

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव अपनी शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल के लिए जाना जाता है। जिसे संस्कारधानी भी कहा जाता है। उन्होंने इस घटना को बेहद दुखद बताया और कहा कि नशे का कारोबार शहर में अपने पैर पसार रहा है। इस पर लगाम कसने के लिए उन्होंने आने-जाने वालों पर कड़ी निगरानी, सीसीटीवी कैमरे लगाने और पुलिस के माध्यम से शराबियों, जुआरियों और नशा कारोबारियों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए। इस मौके पर महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, सावन वर्मा और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दो दिवसीय बेंगलुरु प्रवास पर



**राष्ट्रमंडल संसदीय संघ ( सीपीए ) के 11वें सम्मेलन में होंगे शामिल**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 11 से 13 सितंबर तक कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के 11वें सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दो दिवसीय प्रवास पर हैं। यह महत्वपूर्ण सम्मेलन बेंगलुरु के 'विधानसौध' में हो रहा है। जिसकी अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कर रहे हैं। इस सम्मेलन में देशभर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के अध्यक्ष, पीठासीन अधिकारी और सचिवगण शामिल हो रहे हैं।

डॉ. रमन सिंह सम्मेलन में 'विधायी संस्थानों में संवाद और चर्चा - जन विश्वास का आधार, जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम' विषय पर अपना संबोधन देंगे। उनके भाषण में इस बात पर जोर दिया जाएगा कि कैसे लोकतंत्र की बुनियाद माने जाने वाले संवाद, बहस और सहमति की प्रक्रिया को जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का जरिया बनाया जा सकता है। तीन दिवसीय इस आयोजन के दौरान सभी प्रतिनिधि संसदीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। अपने अनुभव साझा करेंगे और श्रेष्ठ संसदीय प्रथाओं को अपनाएंगे। डॉ. रमन सिंह आज शाम 7 बजे बेंगलुरु के लिए रवाना हुए और 13 सितंबर की शाम को वापस रायपुर लौटेंगे।

# नवागांव चाकूबाजी : कांग्रेस ने जांच के लिए 8 सदस्यों की समिति बनाई, 48 घंटे में हुई तीन हत्याएं

राजनांदगांव (दावा)। जिले के नवागांव में हुई चाकूबाजी की घटना में तीन लोगों की हत्या के मामले में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच समिति का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू के नेतृत्व में आठ सदस्यीय समिति बनाई गई है। बता दें कि नवागांव में 2 लोगों की चाकूबाजी में मौत से इलाके में भारी तनाव है। कांग्रेस की ये समिति ग्राउंड पर जाकर पीड़ित परिवारों और स्थानीय ग्रामीणों सहित पुलिस प्रशासन से घटना की वास्तविक जानकारी लेगी और अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजेगी।

## समिति के सदस्य

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, विधायक दलेश्वर साहू, विधायक भोलाराम साहू, विधायक हर्षिता बघेल, शाहिद खान महामंत्री-पीसीसी सदस्य, कुलबीर छाबड़ा अध्यक्ष राजनांदगांव शहर सदस्य, भागवत साहू अध्यक्ष राजनांदगांव ग्रामीण सदस्य मनोनित किए गए है।

# गौरीनगर के गली नं 5 में लगी भयानक आग, घर हुआ जलकर स्वाहा, दो लोग झूलसे

## आनन-फानन में ले जाया गया हास्पीटल



राजनांदगांव (दावा)। शहर के पटरी पार गौरीनगर वार्ड के गली नंबर 5 स्थित एक घर में अचानक आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि पूरा घर जलकर स्वाहा हो गया और दो महिलाएं मालती एवं रेखा जल गई। वरिष्ठ पार्षद हफीज खान ने बताया कि उक्त आग में दो लोग झुलस गए। वे स्वयं लोगों के साथ गुंडी बाल्टी में पानी लेकर बुझाने जुट गए जिससे लोगों को सफलता मिली। घटना की जानकारी मिलते ही चौकी चिखली पुलिस मौके पर पहुंच गई है। हफीज की सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया गया।

# महाराष्ट्र के समीप थाने में किया नेताओं को नजरबंद



**राजनांदगांव (दावा)। शहर में नवागांव चाकूबाजी के बाद जिले में सियासी हलचल तेज हो गई है। पुलिस ने कांग्रेस के राष्ट्रीय युवा सचिव निखिल द्विवेदी, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष ऋषि शास्त्री और विशु आजमानी परमानंद वर्मा, चंद्रशेखर मालेकर, विनायक राठौर, राजा यादव सहित अन्य नेताओं को गिरफ्तार किया है।**

निखिल द्विवेदी ने कहा कि शासन-प्रशासन छोटे पर कार्यवाही कर रही है, अगर कार्यवाही करनी है तो अवैध कारोबार को बढ़ाव दे रहे भाजपा नेताओं पर कार्यवाही करें। परमानंद वर्मा ने कहा कि डॉ. रमन सिंह को पीड़ित परिवार को पच्चीस पच्चीस लाख का मुआवजा सहित परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देना चाहिए।

ऋषि शास्त्री ने कहा कि जिले में अवैध कारोबार लगातार बढ़ रहे हैं, छोटे-छोटे उम्र के बच्चे और युवा पीढ़ी नशे के जाल में फंस रहे है, जिससे अपराध भी बढ़ रहा है। जिस पर शिकंजा कसना बहुत आवश्यक है। तड़के सुबह ही पुलिस प्रशासन के सीएसपी पुष्पेंद्र नायक, टीआई एमन साहू और रामेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल ने नेताओं के घरों में दबिश दी, फिर उन पर नजरबंद की कार्यवाही की। देर शाम उन्हें छोड़ा गया। जानकारी यह भी है कि उन्हें महाराष्ट्र बार्डर के थाने में रखा गया था।

# डॉ. रमन सिंह पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ितों के साथ खड़े नजर आए - राजपूत



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बजरंगपुर नवागांव में घटित घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की नृशंस हत्या कि वे कड़ी निंदा करते हैं और आज विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने जिस तरह से नवागांव के पीड़ितों के साथ मानवता और संवेदनशीलता के साथ बातचीत की और कहा कि वह यहां के विधायक के नाते आपके सुख-दुख में पूरी तरह से भागीदार हूं और किसी भी प्रकार की मदद के लिए मैं सदैव आपके साथ खड़ा हूं और आगे भी लगातार आपके साथ रहूंगा।

पीड़ित परिवारों का डॉ. रमन सिंह के प्रति विश्वास स्पष्ट दिखाई दिया। शराब और नशे के प्रति युवाओं में बढ़ते जुनून के प्रति लोगों में आक्रोश देखकर डॉ. रमन सिंह ने तत्काल ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से स्वीकृति ली और एक माह के अंदर बजरंगपुर नवागांव में नई पुलिस चौकी की स्वीकृति भी दिलवाई। पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता के अलावा अनुकंपा नियुक्ति एवं अन्य सहायता भी उपलब्ध कराई गई। साथ ही उन्होंने पुलिस अधीक्षक को दोषी अधिकारियों के खिलाफ भी तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया और नशे तथा शराब के खिलाफ कड़ी कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिया। श्री राजपूत ने कहा कि आज डॉ. रमन सिंह एक पारिवारिक मुखिया की तरह पीड़ित परिवारों के साथ खड़े दिखे और उन्होंने परिवारजनों को आगे के लिए आश्वस्त भी किया। कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि डॉ. रमन सिंह ने मौके पर ही पुलिस अधीक्षक को क्षेत्र के सामाजिक सौहार्द एवं वातावरण को बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों एवं अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कड़ी कार्वाई करने का निर्देश भी दिया।

# शिक्षक दिवस: सावित्री बाई फुले नारी शक्ति की प्रतीक है - राजेश श्यामकर



राजनांदगाव (दावा)। शहर के स्टेशन पारा राजनांदगाव मे आयोजित शिक्षक दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल पूर्व जिला पंचायत सदस्य व डोंगरगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश श्यामकर ने शिक्षक दिवस पर कहा कि भारत की प्रथम महिला शिक्षक सावित्री बाई फुले थी जो नारी सशक्तिकरण की महान क्रांति की अग्रदूत बनी। ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले ने सन 1848 में लड़कियों के लिए पहिली स्कूल की शुरुआत की। सावित्री बाई फुले इतिहास के पन्नो मे चमकता हुवा नाम है। वे एक असाधारण महिला थी। जिन्होंने ने अपना पुरा जीवन भारत मे महिलाओ और दबे कुचले समुदाय के अधिकारों के लिए संघर्ष करते हुवें बिताया। कई चुनौतियों का सामना करने के बावजूद सावित्री बाई मे ज्ञान की प्यास थी। ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले यह दोनों ने नारी जाति के हित मे पुरा जीवन लगा दिया और समाज मे व्याप्त हो रही कुरीतियों को जड़ से उखाड़ दिया।

इस अवसर पर बौद्ध समाज के अध्यक्ष संदीप रामटेके, राकेश सेंडे , रितेश मेश्राम, योगेश खत्री, हेमंत मेश्राम, नेमीचंद बाडेबुचे, महेश रामटेक निर्भय गढ़पायले, करुणा डोंगरे, सुनीता शेंडे, बबली रामटेके, विनेश नेमपांडे, बबला वासनिक, सागर मेश्राम, बिरजी बाई गढ़पायले, मिक्की मेश्राम आदि लोग उपस्थित थे।

# लापरवाहीपूर्वक और नशे में ध्रुत होकर चला रही एंबुलेंस घर में घुसी, युवक की मौके पर मौत

**जीवन रक्षक वाहन ही मौत का कारण बन जाए तो जिम्मेदारी किसकी होगी**



खैरागढ़ (दावा)। नगर के दाऊचौरा स्थित फारेस्ट नाका के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। नगर में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। लापरवाही और नशे की हालत में चलाई जा रही एंबुलेंस अनियंत्रित होकर दाऊचौरा नाका के पास एक घर की दीवार तोड़ते हुए भीतर घुस गई। हादसा इतना भयावह था कि घर के अंदर खड़ी दो गाड़ियों को भी गंभीर क्षति पहुँची। इसी दौरान मोटरसाइकिल से अपने घर दीवानभेड़ी की ओर जा रहे 27 वर्षीय युवक रविकांत साहू इस हादसे की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना न केवल मानवीय लापरवाही की दर्दनाक मिसाल है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा करती है, कि जब जीवनरक्षक वाहन ही मौत का कारण बन जाएं तो जिम्मेदारी किसकी होगी। खैरागढ़ की सड़कों पर घटी यह त्रासदी पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का विषय बन गई है।

# नेपाल में हिंसा के बीच फंसे अंबिकापुर के 5 युवक, सीएम और मंत्री की पहल पर सुरक्षित लौटेंगे घर



अंबिकापुर। नेपाल में हाल ही में भडकी भीषण हिंसा और अशांति के बीच सरगुजा जिले के 5 युवक वहां फंस गए हैं। पांचों पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन करने 3 सितंबर को गए थे। इसी बीच वहां बने तनावपूर्ण हालात में वे फंसे रहे। हालांकि उन्होंने बताया कि वे सुरक्षित हैं। अंबिकापुर में उनके परिजनों ने मंत्री राजेश अग्रवाल से बात कर उनकी सुरक्षित वापसी के लिए मदद मांगी। इस पर मंत्री ने सीएम को जानकारी दी। वहीं सीएम ने भारतीय दूतावास से बात कर उनकी सुरक्षित वापसी का मार्ग प्रशस्त किया। बताया जा रहा है कि युवक भारतीय सीमा में प्रवेश कर गए हैं। संभवतः शुक्रवार तक वे अंबिकापुर लौट आएंगे। नेपाल में आगजनी और विरोध-प्रदर्शनों के चलते हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं, जिससे वहां का जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित है। नेपाल में बाहर से आए पर्यटकों की वापसी कठिन हो गई है। इसी बीच अंबिकापुर के सदर रोड निवासी मोहित जिंदल अपने 4 दोस्तों अनमोल अग्रवाल, अम्बर जैन, वेदप्रकाश पाण्डेय और शंभु सरदार के साथ 3 सितंबर को निजी कार से नेपाल भ्रमण पर गए थे। नेपाल में अचानक बिगड़े हालात के कारण इन युवकों की वापसी में परेशानी आने लगी।

# शिक्षक के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा संस्था द्वारा दिया सम्मान



**प्रधान पाठिका सुश्री लक्ष्मी देवांगन को मिला डॉ. अब्दुल कलाम सम्मान**

डोंगरगढ़ (दावा)। स्थानीय शासकीय प्राथमिक शाला बधियाटोला में प्रधान पाठिका के पद पर कार्यरत सुश्री लक्ष्मी देवांगन को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डॉ. अब्दुल कलाम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। धमतरी जिले के कुरुद क्षेत्र में प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा संस्था द्वारा इन्हें 8 सितंबर को सम्मानित किया गया। बताया गया कि सुश्री लक्ष्मी देवांगन ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, कबाड़ से जुगाड़, प्रकृति संरक्षण, विज्ञान प्रचार-प्रसार, स्वच्छता, कला-संस्कृति, महिला सशक्तिकरण, रूढ़िवाद, अंधविश्वास, निर्मूलन, समाजसेवा, व्यक्तित्व विकास तथा सामाजिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी शैक्षिक चेतन शीलता रचनात्मक तथा शिक्षा की गुणवत्ता में संवर्धन में उत्कृष्ट योगदान उल्लेखनीय है। इसके लिए सुश्री देवांगन को राज्य स्तरीय मानद उपाधि 2025 का सर्वोच्च अलंकरण डॉ. अब्दुल कलाम सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के विभागाध्यक्ष डॉ. हित नारायण टंडन, पदम अजय कुमार मंडावी, आरके साइंस सेंटर गोंदिया की डॉ. रश्मि वर्मा ने प्रदान किया। सुश्री लक्ष्मी देवांगन विश्व जागृति मिशन के प्रधान तथा पूर्व लोकप्रिय शिक्षक नोहरू राम देवांगन की सुपुत्री है। उन्हें मिले इस सम्मान से नगर के लोगों में हर्ष व्याप्त है। विश्व जागृति मिशन की स्थानीय संस्था ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना भी की है।

हेमन्त साहू 98271-56852 94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
- हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु सम्पर्क करें।
- सभी प्रकार के सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता।
- पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा।
नंदई, कुआ चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

किराये से उपलब्ध है
दुकान, मकान, गोदाम, फ्लैट किराए पर उपलब्ध है
पता -1. गोल बाजार मस्जिद के सामने वीआईपी गली हमाल पारा,राजनांदगांव 2. चांदनी सुहाग भंडार के सामने (नवयुवक गणेश मंडल गली में) हमाल पारा राजनांदगांव। संपर्क करें -
चांदनी सुहाग भंडार
गुड़ाखू लाइन राजनांदगांव
मो. 9302435886, मो. 9827951560

आवश्यकता है
दैनिक दावा अखबार में विज्ञापन/मार्केटिंग कार्य हेतु कुशल एवं अनुभवी लड़के की आवश्यकता हैं। वेतन आकर्षक! संपर्क समय :- दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक।
संपर्क करें - दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com